# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025






वन्दे मातरम् 150
वन्दे मातरम्
राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के
ऐतिहासिक अवसर पर सामूहिक राष्ट्रगीत गायन कार्यक्रम
7 नवंबर, शुक्रवार दोपहर 02:00 बजे
स्थान : बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर
राष्ट्रगीत
सुजलां सुफलां मलयज-शीतलां
शस्य-श्यामलां मातरम् ।
शुभ्र-ज्योत्स्ना-पुलकित-यामिनीम्
फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्
सुहासिनीं सुमधुर-भाषिणीम्
सुखदां वरदां मातरम् ।।
सप्तकोटी-कण्ठ-कलकल- निनाद-कराले
द्विसप्तकोटी भुजै धृत-खरकरवाले
के बले मा तुमि अबले ।
बहुबल-धारिणीं नमामि तारिणीं
रिपुदल-वारिणीं मातरम् ।।
तुमि विद्या तुमि धर्म्म
तुमि हृदि तुमि मर्म्म
त्वं हि प्राणा: शरीरे
...
...
बाहुते तुमि मा शक्ति
हृदये तुमि मा भक्ति
तोमारइ प्रतिमा गड़ि
मन्दिरे मन्दिरे ।
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरण-धारिणी
कमला कमल-दल-विहारिणी
वाणी विद्यादायिनी
नमामि त्वां
नमामि कमलां अमलां अतुलां
सुजलां सुफलां मातरम्,
वन्दे मातरम् ।
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषितां
धरणीं भरणीं मातरम् ।।
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
श्री किरण सिंह देव
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़
श्री नंदन जैन
प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़
श्री ओपी चौधरी
कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹89083/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹108800/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹118765/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

## सरकार ने माना विभाग नहीं कर रहे हैं निर्देश का पालन

# फर्जी दिव्यांगों के थोक मामले, सरकार सख्त, अब नियुक्ति से पहले फिजिकल टेस्ट और मेडिकल बोर्ड से जांच जरूरी

*छत्तीसगढ़ में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी करने के आपराधिक मामलों को राज्य सरकार ने अत्यंत गंभीरता से लेते हुए इस फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया है। सरकार ने कहा है कि अब दिव्यांगजनों को शासकीय सेवा में नियुक्ति का आदेश जारी करने के पहले उनका शारीरिक परीक्षण करना होगा। यही नहीं, मेडिकल बोर्ड से भी जांच करवानी होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी करने का मामला कुछ माह पूर्स सबसे पहले हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस मामले में सरकारी कार्रवाईयों की शुरुआत के बाद ये पूरा मामला अब हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जा पंहुचा है। लेकिन अब तक फर्जी दिव्यांग नौकरी से बाहर नहीं किए जा सके हैं। इन मामलों की संख्या डेढ़ सौ से अधिक है। लेकिन राज्य सरकार अब इसे लेकर गंभीर प्रतीत हो रही है।

हरिभूमि लगातार




### सरकार ने जारी किया ये आदेश

राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में शासन के सभी विभागों के प्रमुखों के नाम आदेश जारी किया है। मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट में दायर एक रिट पिटीशन जो छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ बनाम छत्तीसगढ़ शासन का हवाला देते हुए कहा गया है कि शासन के ध्यान में यह आया है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिव्यांगों की भर्ती फर्जी प्रमाण पत्र संबंधी परिपत्रों का विभागों द्वारा अक्षरशः पालन नहीं किया जा रहा है।

### लेकिन इस निर्देश का पालन भी नहीं

*सामान्य प्रशासन विभाग ने सरकारी विभागों से एक बार फिर कहा है कि शासन में ध्यान में यह आया है कि कतिपय विभागों द्वारा सामान्य प्रशासन विभागों द्वारा जारी संदर्भित निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसलिए एक बार फिर निर्देशित किया जाता है कि शासन के समस्त विभागों एवं उनके*

▶▶| शेष पेज 6 पर

### अब नौकरी के आदेश के पहले होगी यह जांच

*सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि अब निर्देश के अनुसार, दिव्यांगजनों की शासकीय सेवा में नियुक्ति आदेश जारी किये जाने के पूर्व शारीरिक परीक्षण उपरांत, दिव्यांग प्रमाण पत्रों की नियमानुसार मेडिकल बोडों से जांच कराई जाए, इसके बाद ही उनके नियुक्ति आदेश जारी किये जाएं । इस निर्देश का कड़ाई से पालन करने कहा गया है।*

### दिव्यागों की भर्ती के लिए विशेष अभियान

*राज्य शासन ने एक अलग आदेश में दिव्यांग जनों के लिए सीधी भर्ती के रिक्त पगों पर बैकलॉग के पदों पर भर्ती के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। सरकार ने कहा है कि दिव्यांगजनों के लिए सीधी भर्ती के लिए भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में दिव्यांगजनों के लिए सीधी भर्ती के रिक्त पदों में 07 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया है।*

## लोकतांत्रिक उत्सव : पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर 64.66 फीसदी से अधिक मतदान

# बिहार में वोटों की 'बहार', टूटा रिकॉर्ड 64 फीसदी मतदान, झड़प कहीं-कहीं!

*बिहार में छिटपुट हिंसा के बीच विधानसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण का मतदान संपन्न हुआ। पहले चरण में 121 सीटों के लिए 3.75 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने वोट डाले। मतदाताओं ने एक दशक से भी अधिक समय से स्थिर 57% के वोटर टर्नआउट का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 1314 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गए। इस चरण में एनडीए और महागठबंधन के कई दिग्गजों का सियासी भविष्य दांव पर लगा है। उपमुख्यमंत्री और लखीसराय से भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार सिन्हा की गाड़ी पर गोबर और चप्पलें फेंकी गई।*

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान पूरा हो गया। शाम पांच बजे तक 64.66 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पहले चरण में शामिल 18 जिलों में से बेगूसराय में सबसे अधिक 67.32 प्रतिशत मतदान दर्ज किया। इस आंकड़े के मुताबिक मधेपुरा (65.74 प्रतिशत), समस्तीपुर (65.65 प्रतिशत), मुजफ्फरपुर (65.23 प्रतिशत) और गोपालगंज (64.96 प्रतिशत) में भी मतदान उत्साहजनक रहा।

वहीं, अपेक्षाकृत कम मतदान शेखपुरा (52.36 प्रतिशत), भोजपुर (53.24 प्रतिशत) और मुंगेर (54.90 प्रतिशत) में दर्ज किया गया। इन आंकड़ों के अनुसार राजधानी पटना में 55.02 प्रतिशत और नालंदा में 57.58 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि सहरसा में (62.65), दरभंगा (58.38), सीवान (57.41), सारण (60.90), वैशाली (59.45), खगड़िया (60.65), लखीसराय (62.76) और ▶▶| शेष पेज 6 पर





- सबसे ज्यादा 67.32 फीसदी मतदाताओं ने बेगूसराय में वोट किया
- सबसे कम 52.36 फीसदी मतदाता शेखपुरा में वोट डालने आए

### छिटपुट हिंसा के बीच बिहार में मतदान, डिप्टी सीएम और राजद एमएलसी भिड़े



### चुनाव आयोग ने दिए कार्रवाई के निर्देश

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर लखीसराय में उनके काफिले पर हमला को भारत निर्वाचन आयोग ने संज्ञान में लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिया कि वे राष्ट्रीय जनता दल के समर्थकों ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 18 मंत्रियों की साख दांव पर

*पहले चरण में 2 डिप्टी सीएम समेत 18 मंत्रियों की साख दांव पर है। 10 हॉट सीटें हैं। जिसमें तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, अनंत सिंह समेत कई बड़े चेहरे हैं।*

### दूसरे चरण का मतदान 11 को

*122 सीटों पर वोटिंग दूसरे चरण में 11 नवंबर को होगी. चुनाव नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।*

### सिन्हा के काफिले पर पथराव

लखीसराय से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से भाजपा उम्मीदवार और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के काफिले पर पथराव की घटना सामने आई है। सिन्हा ने अपने काफिले पर पथराव और गोबर फेंके जाने का आरोप लगाया है। विजय सिन्हा ने घटना के लिए आरजेडी पर हमला बोला और लखीसराय के पुलिस अधीक्षक को भी निशाने पर रखा ▶▶| शेष पेज 6 पर

### कैसा रहा पहला चरण

- लखीसराय में उपमुख्यमंत्री की गाड़ी पर हमला हुआ। राजद एमएलसी अजय सिंह से भिड़े विजय सिन्हा।
- पटना के मनेर में आईडी चेक करने पर राजद उम्मीदवार भाई वीरेंद्र ने दरोगा को धमकाया। कहा- यहीं आग लगा देंगे।
- वैशाली में राजद उम्मीदवार रविंद कुमार सिंह के भड़काने पर लोगों ने सीएपीएफ जवानों पर पत्थर फेंके।
- दरभंगा के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र में पोलिंग एजेंट को धमकी मिली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस पर पथराव हुआ।
- सारण के जैतपुर में मांझी सीट से सीपीआई प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार की गाड़ी पर ईंट-पत्थर, लाठी से हमले किए गए।
- वैशाली के लालगंज में लगे वोट चोरी के नारे। इस दौरान मतदान भी रुका।
- पटना साहिब के बूथ नंबर 238 पर विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव से मतदान कर्मियों की बहस हो गई।

# नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ इक्षक पोत, बढ़ेगी समुद्री सर्वेक्षण की क्षमता

## नौसेनाप्रमुख की अध्यक्षता में कोच्चि में आयोजित किया गया समारोह



**नई दिल्ली।** क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के बीच गुरुवार को भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े में तीसरा सर्वेक्षण जहाज 'आईएनएस इक्षक' आधिकारिक रूप से शामिल किया गया है। बल की दक्षिणी कमांड में स्थित कोच्चि नौसैन्य अड्डे पर एक भव्य समारोह हुआ। जिसकी अध्यक्षता स्वयं नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने की। इस पोत का देश की समुद्री सेना में शामिल होना बल की हाइड्रोग्राफिक और समुद्री क्षमताओं को मजबूत बनाने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। नौसेना ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि इक्षक पोत बड़े सर्वेक्षण जहाजों की श्रेणी यानी एसवीएल का तीसरा जहाज है। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा स्वदेशी आधार पर इसका निर्माण किया गया है। समारोह में नौसेना की दक्षिणी कमांड के प्रमुख वाइस एडमिरल समीर सक्सेना और जीआरएसई के कई अधिकारी व कर्मी शामिल हुए।

**महिला सुविधाओं से युक्त है इक्षक-** समारोह को संबोधित करते हुए नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, इक्षक पोत सरकार के आत्मनिर्भरता के विजन के तहत नौसेना, भारतीय उद्योग और सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के बीच बेहतरीन समन्वय का साक्षी बना है। जिसमें स्टेट ऑफ द आर्ट हाइड्रोग्राफिक और समुद्री सर्वेक्षण के लिए जरूरी सिस्टम लगाए गए हैं। इक्षक में हेलीकॉप्टर सहयोग भी मौजूद रहेगा। जिसकी मदद से यह विभिन्न अभियानों के दौरान दोहरी भूमिका (सर्वेक्षण पोत और मानवीय सहायता-आपदा राहत) के अलावा जरूरत पड़ने पर अस्पताल वाले एक जहाज के रूप में भी अपनी भूमिका निभा सकेगा।

### संस्कृत में इक्षक को कहते 'मार्गदर्शक'

इक्षक शब्द का संस्कृत भाषा में अर्थ मार्गदर्शक (गाइड) होता है। जो समुद्र में सर्वेक्षण के अपने उद्देश्य और उसे सटीकता के साथ हासिल करने की इसकी दक्षता से पूरी तरह से मेल खाता है। जहाज में लगाई गई कुल करीब 80 फीसदी सामग्री स्वदेशी है और उसके साथ ही स्टेट ऑफ द आर्ट हथियार और सैन्य उपकरणों से भी ये पूरी तरह से लैस है। नौसेना ने बताया कि पोत का डिजाइन बंदरगाहों, तटों, आवाजाही वाले समुद्री चैनलों और गहरे पानी वाले सर्वेक्षणों को आसानी से करने के लिए किया गया है। जो भी डेटा इस दौरान मिलेगा। वह देश के समुद्री सुरक्षा फ्रेमवर्क के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण होगा। कार्यक्रम में इक्षक के कैप्टन त्रिभुवन सिंह ने कमीशन किए जाने वाले वारंट को पढ़ा और उसके बाद राष्ट्रगान व परंपरागत सलामी के साथ जहाज के अग्र भाग पर जहाज के प्रतीक चिन्ह वाला ध्वज फहराया गया।

## खबर संक्षेप

### मशहूर अभिनेत्री और गायिका सुलक्षणा ने छोड़ी दुनिया

**मुंबई।** सिनेमा जगत की जानी-मानी हस्ती सुलक्षणा पंडित का गुरुवार को निधन हो गया है। वह 71 वर्ष की थीं। वह काफी समय से बीमार थीं।



सुलक्षणा पंडित ने फिल्मों में अभिनय करने के साथ गायकी में भी कमाल किया था। सुलक्षणा पंडित 70 और 80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री और गायिका थीं। उनका जन्म 12 जुलाई 1954 में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में हुआ था। उन्होंने नौ साल की उम्र से ही गाना शुरू कर दिया था। सुलक्षणा ने 1967 में फिल्म के लिए पहली बार गाना गाया था। इसी दौरान उन्हें फिल्मों में एक्टिंग के लिए भी ऑफर मिलने लगे। 1975 में उन्होंने फिल्म 'उलझन' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। सुलक्षणा एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ एक बेहतरीन गायिका भी थीं। उन्होंने अपनी फिल्मों में कई गाने गाए, जो बहुत लोकप्रिय हुए। 1967 में फिल्म 'तकदीर' में लता मंगेशकर के साथ उनका गाना 'सात समंदर पार से' खूब पसंद किया गया। 1976 में फिल्म 'संकल्प' के गाने 'तू ही सागर तू ही किनारा' के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। उनके कई हिट गाने जैसे 'मौसम मौसम लवली मौसम' (थोड़ी सी बेवफाई) और 'बेकरार दिल' (दूर का राही) आज भी लोगों को पसंद हैं।

## *वंदे मातरम् की गूंज नई पीढ़ी में जगाएगी राष्ट्रप्रेम और गर्व की भावना : साय*

# देश के साथ छत्तीसगढ़ में आज से गूंजेगा 'वंदे मातरम्'

### वंदे मातरम् के 150 वर्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पूरे देश के लिए गर्व और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय अवसर है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में इस ऐतिहासिक पर्व को वर्षभर चलने वाले महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी यह आयोजन जनभागीदारी के साथ चार चरणों में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भव्य रूप में संपन्न किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि "वंदे मातरम्" की 150वीं वर्षगांठ केवल एक स्मरणीय अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, आत्मगौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण का जीवंत संदेश है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हुए उनमें देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय चेतना की भावना को और गहराई देगा। वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है, जिसकी गूंज हर नागरिक के हृदय में नई ऊर्जा और गर्व का संचार करेगी। ▶▶| शेष पेज 6 पर

खास खबर

### प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुभारंभ

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का शुभारंभ 7 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रातः 10 से 11 बजे तक दूरदर्शन पर प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पश्चात पूरे देश में एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। गीत के बोल और धुन पोर्टल **vandemataram150.in** पर उपलब्ध हैं।

### विद्यालयों में विशेष गतिविधियां और रचनात्मक आयोजन

*प्रदेश के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में "वंदे मातरम" विषय पर विशेष सभाएं, निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण, एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होंगी। एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड और स्कूल बैंड के माध्यम से वंदे मातरम से संबंधित संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी। राज्य पुलिस बैंड भी सार्वजनिक स्थलों पर वंदे मातरम और देशभक्ति गीतों पर आधारित कार्यक्रमों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंगेगा।*

# सीजीपीएससी मामले में सरकार की अपील खारिज 37 चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सीजीपीएससी भर्ती घोटाला मामले में राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी है। कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को सही ठहराते हुए सरकार को 37 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का आदेश दिया है। हालांकि आदेश में यह भी कहा गया गया है कि जांच पूरी होने के बाद, जो फैसला आएगा उससे नियुक्तियां प्रभावित रहेंगी। मतलब कि अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश कोर्ट के आदेश के बाद जारी कर दिया जाएगा लेकिन सीबीआई जांच पूरी ▶▶| शेष पेज 6 पर



- जांच पूरी होने के बाद, जो फैसला आएगा उससे नियुक्तियां प्रभावित रहेंगी
- छात्रों के भविष्य को सीबीआई की जांच के आधार पर लटका के नहीं रखा जा सकता

### धांधली की शिकायत के बाद जनहित याचिका

दरअसल सीजीपीएससी परीक्षा 2021 में 171 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इंटरव्यू के बाद 11 मई 2023 को 170 अभ्यर्थियों की सिलेक्शन लिस्ट जारी हुई थी। इसमें डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, लेखाधिकारी, जेल अधीक्षक, नायब तहसीलदार समेत 20 सेवाओं के पद शामिल थे। चयन प्रक्रिया में शामिल कई अभ्यर्थियों ने अंतिम मेरिट सूची में जगह बनाई। रिजल्ट जारी होने के बाद परीक्षा में धांधली और पीएससी ▶▶| शेष पेज 6 पर

# अमित को बरी करने के फैसले पर नए सिरे से विचार करे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से कहा कि वह राज्य के पूर्व



मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को बरी किए जाने के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति देने का अनुरोध करने संबंधी सीबीआई की याचिका पर नए सिरे से विचार करे। अमित जोगी पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता रामावतार जग्गी से जुड़े 2003 के एक मामले में आरोप तय किए ▶▶| शेष पेज 6 पर

### इधर, अमित ने कहा- याचिकाएं खारिज, मिली राहत

इधर, अमित जोगी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दोषमुक्ति को चुनौती देने वाली छत्तीसगढ़ राज्य और सतीश जग्गी की सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिससे बड़ी कानूनी राहत मिली है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमित जोगी ने कहा, यह न्याय की एक ऐतिहासिक जीत है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले ने न केवल मेरी निर्दोषता पर एक और मुहर लगा दी है, बल्कि भारतीय न्याय प्रणाली में मेरे अटूट विश्वास को भी स्थापित किया है। यह ▶▶| शेष पेज 6 पर

## निजी हॉस्पिटल में डॉक्टर ने बरती थी लापरवाही, वहीं फिर से सीजर कर निकाली गई कैंची


# महिला के पेट में छोड़ दी थी कैंची, पांच साल बाद सर्जरी कर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई में ऑपरेशन के दौरान एक महिला के पेट में सर्जिकल फोर्सप्स (कैंची) छोड़ने का मामला सामने आया है। कई साल बाद जब महिला के पेट के निचले हिस्से में असहनीय दर्द शुरू हुआ, तो उसने फिर से डॉक्टर को दिखाया। एक्सरे जांच के दौरान पता चला कि महिला के पेट में कैंचनुमा कोई चीज पड़ी हुई है।

जानकारी के मुताबिक कुसुम कुर्रे (45) भिलाई की रहने वाली है। वह कुछ दिन पहले लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला अपने पेट में दर्द की समस्या को लेकर पहुंची थी। वहां एमडी मेडिसिन डॉ. पीयुष ▶▶| शेष पेज 6 पर

हरिभूमि सरोकार




### ऑपरेशन हुआ निजी अस्पताल में

*अस्पताल में ऐसा एक केस आया था। महिला को ऑपरेशन की सलाह दी गई थी। इसके बाद महिला धनवंतरी हॉस्पिटल गई, क्योंकि उसका पहले वहीं ऑपरेशन हुआ था। वहां उनका दोबारा ऑपरेशन करके सर्जिकल फोर्सप्स को बाहर निकाल दिया गया है।*

*डॉ. एके मिंज, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल दुर्ग*

### दर्द के साथ पेशाब से आने लगा था खून

डॉ. पीयुष देवांगन ने बताया कि कुसुम कुर्रे नाम की महिला उनके पास चेकअप के लिए आई थीं। उनकी कमर में काफी अधिक दर्द था। साथ ही पेशाब के साथ खून जा रहा था। महिला ने बताया कि 5 साल पहले उन्होंने एक हॉस्पिटल में यूट्रस निकलवाया था। वहीं ऑपरेशन के दौरान कुछ हुआ है। जब एक्सरे कराया गया तो पाया गया कि उनके पेट के निचले हिस्से कैंची फंसी है। इससे उनके (लंबर एरिया से प्यूबिक एरिया की तरफ) पेट के निचले हिस्से में दर्द हो रहा था।

### शिकायत का पता चलते ही आनन फानन में किया ऑपरेशन

डॉ. पीयुष देवांगन ने कुसुम कुर्रे को जिला अस्पताल रेफर किया था, लेकिन कुसुम सीधे नेहरू नगर भिलाई स्थित धनवंतरी हॉस्पिटल पहुंचीं। वहां उन्होंने उनके पेट में कैंची छोड़ देने की शिकायत की। इसकी जानकारी मिलते ही हॉस्पिटल प्रबंधन ने महिला को वहीं एडमिट किया और जनरल व लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉ. मोहित तंवर ने उनका 6 नवंबर को दोबारा ऑपरेशन करके उस कैंची को उनके पेट से बाहर निकाला है। जब धनवंतरी अस्पताल प्रबंधन और डॉ. तंवर से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## चिंतन

# एक गीत ने देश को दिला दी गुलामी से आजादी

देश ने पहली बार वंदे मातरम् को 1896 में एक भजन की तरह सुना। उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का यह गीत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में सुनाया गया, जिससे श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। गीत में किसी का विरोध नहीं था, बस देशभक्ति के स्वर थे। 10 साल बाद 1905 में, जब बंगाल का विभाजन हुआ और वहां असंतोष फैला, तब अवनींद्र नाथ ठाकुर ने भारत माता की तस्वीर बनाई। भगवा वस्त्रों में एक स्त्री, जिसके हाथ में अनाज की पुंज, एक पुस्तक और एक माला थी। यह चित्र 'वंदे मातरम्' की भावना का जीवंत रूप बन गया। ये दोनों एक दूसरे के पूरक हो गए। यह गीत केवल किसी कवि की कल्पना नहीं था। यह उस आत्मा की पीड़ा भरी पुकार थी, जो वर्षों से मातृभूमि की रक्षा और अस्तित्व के लिए जूझ रही थी। जब ब्रिटिश हुकूमत भारत के लोगों पर अत्याचार की सीमा लांघ रही थी, तब एक ही रात में यह गीत लिखा गया। यह सदियों के दुख और अपमान का शब्दों से पिरोया गया उत्तर था। एक गूंजती पुकार, जिसने उस सोए हुए राष्ट्र को जगाने की कोशिश की जो लंबे समय से पीड़ा में सुन्न हो गया। अत्याचारों से सहमा था। इसका गहरा असर भी हुआ। एक गीत ने पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरो दिया। वंदे मातरम् ने न केवल युवाओं में नए जोश का संचार किया बल्कि महिलाओं को भी आजादी के आंदोलन में कूदने को मजबूर कर दिया। यह गीत भारतीय एकता की आत्मा में रच-बस चुका था। रैलियों और घरों में गुनगुनाए जाने वाले इस गीत ने लाखों लोगों के दिलों को प्रांतों और पंथों से ऊपर उठने और देश के लिए खड़े होने का आह्वान किया। इसके शब्दों ने हर देशवासी को एक साथ सपने देखने के लिए प्रेरित किया और अंग्रेजी अनुवाद ने इसे नई पीढ़ियों और पूरे विश्व तक पहुंचाया, ताकि वे भारत की आजादी की पुकार सुन सकें। यह एक आंदोलन का रूप बन गया, जिसने पिछले दो दशकों से भारत को हर तरह के भेदभाव से ऊपर उठकर एक सूत्र में बांधने की शक्ति दी। बंगाल के कांतल पाडा नाम के गांव में 7 नवंबर 1876 को वंदे मातरम गीत की रचना की गई थी और पहली बार 1896 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में वंदे मातरम् गाया गया था। यानि भारत को आजादी मिलने से करीब 51 साल पहले। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत ने बड़ी भूमिका निभाई थी। लोगों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित करने का काम किया था। अंग्रेजों के लिए ये विरोध का स्वर था। जहां भी आजादी के मतवाले एकजुट होते, अंग्रेजी सरकार के विरोध में प्रदर्शन करते, वहां ये गीत गूंजता और उनके उत्साह को कई गुणा बढ़ा देता। कांग्रेस के अधिवेशन से लेकर लाहौर की फांसी तक, वंदे मातरम् विद्रोह की सांस बन गया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, बटुकेश्वर दत्त और अनेक क्रांतिकारियों ने इसे मौत का सामना करते हुए जोर से पुकारा। सुभाष चंद्र बोस ने इसे आजाद हिंद फौज की मार्चिंग धुन बना दिया। यह गीत ऐसा गूंजा कि अंगेजों को देश भारत छोड़कर जाना पड़ा। आज भी यह गीत देशवासियों को एक सूत्र में बांध रहा है, वंदे मातरम्।

## विस चुनाव

ऋतुपर्ण दवे



# मंगलराज की चाहत और बिहार का खामोश मतदाता

बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण गुरुवार को संपन्न हो गया। बड़े से बड़े नेताओं ने इन क्षेत्रों में दौरे कर लिए। हालांकि बिगड़े मौसम ने भी खूब रंग दिखाया। बावजूद इसके सड़क मार्ग से नेता, ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों तक पहुंचने में कामयाब रहे। लेकिन, इस चुनाव में असल मुद्दों के बजाए पूरा चुनावी माहौल सुशासन बनाम जंगलराज के आरोपों में उलझा हुआ है। वहीं मतदाता खामोश है। मंगलराज की बात कोई करता नहीं। उन तथ्यों और सच्चाई से भी नेता परहेज करते दिखे जो बिहार की मौजूदा दशाओं की वजह हैं। बिहार में सिर्फ राजनीति और वर्चस्व की लड़ाई हमेशा जीतती रही, लेकिन क्या इस बार बिहार में मतदाताओं की उदासीनता से आश्चर्यजनक तरीके से अंतर्मन की पीड़ा या कोई चौकाने वाला संदेश तो नहीं निकलेगा? मतदाताओं की अजीब चुप्पी का क्या मतलब निकाला जाए? दरअसल बिहार को लेकर जो दावे किए जाते हैं कि वहां 'विकास' चुनावी मुद्दा नहीं हो सकता, कहीं इस बार भी उसका जवाब पहले दौर में तो नहीं मिला, आगे मिलेगा यह भी नहीं पता? अंतरराष्ट्रीय पत्रिका जर्नल ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज में प्रकाशित 2023 का एक अध्ययन बताता है कि वहां 68 प्रतिशत ग्रामीण बिहारी अपनी पहचान आधारित राजनीति की बजाय बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हैं। क्या इसे मतदाताओं की अपने नेताओं से अपेक्षाओं में बदलाव संकेत नहीं माना जा सकता? लेकिन सच्चाई यह है कि विकास को लेकर बिहारवासियों की सोच बदल रही है। इस छठ के दौरान पूरे देश से बड़ी संख्या में लाखों बिहारवासी लाख दावों के बावजूद किन हालातों में अपने-अपने घर पहुंचे और सोशल मीडिया पर कैसे-कैसे बयान आए, सबको पता है। हर हाथ में मोबाइल और इंटरनेट तथा दूसरे राज्यों के विकास की कहानियों के वीडियो और रील्स देखकर उनके मन में भी रोजगार, विकास, सम्मान और घर की चाहत दिखी। इस चुनाव में वहां मुद्दों की राजनीति के बजाए आपसी छींटाकशी और भाषा का बिगड़ा संतुलन भी आहत करता रहा। बिहार को जानने वाले मानते हैं कि 1952 से 1993 तक लागू रही मालभाड़ा समानीकरण नीति बिहार के विकास में बाधा रही। इससे दूसरे राज्यों के उद्योगों को कम परिवहन लागत पर बिहार के खनिज संसाधनों तक पहुंच मिली और बिहार अपना मजबूत औद्योगिक आधार बनाने से चूक गया। बिहार से शुरू हुई बूथ कैप्चरिंग ने कभी देश को चौंकाया था। कहने को तो बिहार हमेशा से बदनाम किया जाता रहा, लेकिन इसके जिम्मेदार खुद स्थानीय राजनेता हैं। बिहार की श्रम शक्ति का जितना उपयोग देश-विदेश में होता है, उतना वहीं होता तो शायद तस्वीर कुछ और होती। बाहुबलियों से लेकर मिनी चंबल कहलाने वाले राज्य की सच्चाई यह है कि यहां काम कम और बदनाम ज्यादा किया गया। भ्रष्टाचार और नक्सलवाद गहरी जड़ों ने खूब कहर ढाया। 1967 के नक्सलबाड़ी विद्रोह के बाद नक्सलवाद का अंकुरित बीज 1980 के दशक तक इस भ्रम में खूब फला-फूला कि नक्सली गरीबों के हितैषी हैं। इस दौर में प्रशासनिक अधिकारियों पर हुए हमलों और भूमि सुधार के नाम पर नक्सलियों ने अपनी जड़ें गहरी कीं। यहीं से बिहार के हालात बदले और कानून व्यवस्था चरमरा गई। 1990 आते-आते बड़े से बड़े अधिकारियों की हत्याओं ने डर का माहौल बनाया। आज भी बिहार में ऐसी हत्याओं की चर्चाएं नहीं थमतीं जो अनसुलझी हैं। राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि अपराध दर के हिसाब से बिहार दस सबसे खराब राज्यों में से एक रहा। इसी साल जून तक हत्या के 1379 मामले दर्ज किए गए। 2024 में यही आंकड़ा 2,786 तथा 2,023 में 2,863 रहा। अपराधों पर बिहार पुलिस का मानना है कि अवैध हथियार, फर्जी लाइसेंस और गोला-बारूद का अवैध कारोबार इसकी वजह है। संपत्ति विवाद, वर्चस्व की लड़ाई और व्यक्तिगत प्रतिशोध भी कारण हैं। चुनाव के दौरान भी अपराध रुक नहीं रहे हैं। जहां मोकामा काण्ड ने पूरे देश का ध्यान खींचा जिसमें पुराने बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या हुई। वहीं, आरा में बदमाशों ने बाइक से जा रहे पिता-पुत्र प्रमोद कुमार और प्रियांशु कुमार जो कि राजमिस्त्री थे, की हत्या कर दी। इसी तरह सिवान जिले के दरौंदा थाने में पोस्टेड पुलिस दारोगा अनिरुधद्ध प्रसाद की क्रूरता से हुई हत्या ने कानून व्यवस्था को आईना दिखाया। दूसरी छोटी-मोटी आपराधिक घटनाओं ने बिहार को फिर बदनाम किया। अब यहां हो रहे विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच है। बहरहाल बिहार में चुनावी बहार जरूर है लेकिन सवाल भी बहुत हैं। अहम यह कि सुशासन के दावों और 20 साल के बाद भी जंगलराज की पोल-खोल में लगे सियासी रहनुमाओं से बिहार का आम मतदाता यह क्यों नहीं सुन पा रहा कि मंगलराज भी आएगा?

( ये उनके अपने विचार हैं।)

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा



वंदे मातरम्

अमित शाह

भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्', जिसका इतिहास किसी युद्धभूमि से नहीं, बल्कि एक विद्वान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के शांत लेकिन अडिग संकल्प से शुरू होता है। सन् 1875 में, जगद्धात्री पूजा (कार्तिक शुक्ल नवमी या अक्षय नवमी) के दिन, उन्होंने उस स्तोत्र की रचना की जो भारत की स्वतंत्रता का शाश्वत गीत बन गया। 'वन्दे मातरम्' केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, सिर्फ स्वतंत्रता आन्दोलन का प्राण ही नहीं बल्कि यह बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय द्वारा 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की प्रथम उद्घोषणा है। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी मान्यताओं और अपनी परंपराओं को भारतीयता की दृष्टि से देखें।

हमारे देश के इतिहास में ऐसे कई अहम पड़ाव आए, जब गीतों, कलाओं ने अलग-अलग रूपों में लोकभावनाओं को सहेजकर आंदोलन को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। चाहे छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना के युद्धगीत हों, आज़ादी के आंदोलन में सेनानियों के गान या आपातकाल के विरुद्ध युवाओं के सामूहिक गीत, इन गीतों ने भारतीय समाज को स्वाभिमान की प्रेरणा भी दी और एकजुट भी बनाया। ऐसा ही है भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्', जिसका इतिहास किसी युद्धभूमि से नहीं, बल्कि एक विद्वान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के शांत लेकिन अडिग संकल्प से शुरू होता है।

सन् 1875 में, जगद्धात्री पूजा (कार्तिक शुक्ल नवमी या अक्षय नवमी) के दिन, उन्होंने उस स्तोत्र की रचना की जो भारत की स्वतंत्रता का शाश्वत गीत बन गया। इन पवित्र शब्दों को लिखते हुए, वे भारत की गहनतम सभ्यतागत जड़ों से प्रेरणा ले रहे थे। अथर्ववेद के उद्घोष 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः' से लेकर देवी महात्म्य में विश्वमाता के आह्वान से प्रेरणा ले रहे थे। बंकिम बाबू का यह मंत्र, प्रार्थना भी था और भविष्यवाणी भी। 'वन्दे मातरम्' केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, सिर्फ स्वतंत्रता आन्दोलन का प्राण ही नहीं बल्कि यह बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय द्वारा 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की प्रथम उद्घोषणा है। इसने हमें याद दिलाया कि भारत केवल ज़मीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है , जिसकी एकता उसकी संस्कृति और सभ्यता से आती है। यह केवल भू-भाग नहीं है, बल्कि तीर्थ है, स्मृति, त्याग, शौर्य और मातृत्व से बंधी पवित्र भूमि है। जैसा कि महर्षि अरबिंद ने वर्णन किया, बंकिम आधुनिक भारत के एक ऋषि थे, जिन्होंने अपने शब्दों के माध्यम से राष्ट्र की आत्मा को पुनर्जीवित किया। उनका 'आनंदमठ' केवल एक उपन्यास नहीं, बल्कि गद्य में एक मंत्र था, जिसने एक ऐसे राष्ट्र को जागृत किया जो अपनी दिव्य शक्ति को भूल चुका था।

अपने एक पत्र में, बंकिम बाबू ने लिखा : 'मुझे कोई आपत्ति नहीं है यदि मेरे सभी कार्य गंगा में बहा दिए जाएं। यह श्लोक ही अनंत काल तक जीवित रहेगा। यह एक महान गान होगा और लोगों के हृदय को जीत लेगा।' ये शब्द भविष्यसूचक थे। औपनिवेशिक भारत के सबसे अंधकारमय काल में लिखा गया, 'वंदे मातरम्' जागृति का प्रभात-गीत बन गया, एक ऐसा भजन जिसने 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' को सभ्यतागत गौरव के साथ जोड़ दिया। ऐसी पंक्तियां केवल वही व्यक्ति लिख सकता था जिसके रोम-रोम में राष्ट्र के प्रति भक्तिभाव कूट-कूट कर भरा हो। 1896 में, रवींद्रनाथ टैगोर ने 'वंदे मातरम्' को धुन में पिरोया और कोलकाता कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया, जिससे इसे वाणी और अमरता प्राप्त हुई। यह गीत भाषा और क्षेत्र की सीमाओं से आगे बढ़कर पूरे देश में गूंज उठा। तमिलनाडु में सुब्रमण्यम भारती ने इसका तमिल अनुवाद किया, और पंजाब में क्रांतिकारियों ने इसे गाते हुए ब्रिटिश राज को खुली चुनौती दी।

1905 में, बंग-भंग आंदोलन के दौरान, बंगाल में विद्रोह भड़क उठा। अंग्रेजों ने 'वंदे मातरम्' के सार्वजनिक पाठ पर प्रतिबंध लगा दिया था, फिर भी 14 अप्रैल, 1906 को बारीसाल में, हजारों लोगों ने इस आदेश की अवहेलना की। जब पुलिस ने शांतिपूर्ण सभा



पर लाठीचार्ज किया, तो पुरुष और महिलाएं सड़कों पर 'वंदे मातरम्' का नारा लगाते हुए लहूलुहान हो गए। वहां से, 'वंदे मातरम्' का मंत्र, ग़दर पार्टी के क्रांतिकारियों के साथ कैलिफ़ोर्निया पहुंच गया। आज़ाद हिंद फ़ौज में गूंजा, जब नेताजी के सैनिक सिंगापुर से मार्च कर रहे थे और 1946 के रॉयल इंडियन नेवी की क्रांति में भी गूंजा, जब भारतीय नाविकों ने ब्रिटिश युद्धपोतों पर तिरंगा फहराया। खुदीराम बोस से लेकर अशफ़ाक़उल्ला ख़ान तक, चंद्रशेखर आजाद से लेकर तिरुपुर कुमारन तक, नारा एक ही था।

यह अब सिर्फ़ एक गीत नहीं रहा; यह भारत की सामूहिक आत्मा की आवाज़ बन गया था। महात्मा गांधी ने स्वयं स्वीकार किया था, 'वंदे मातरम्' में 'सबसे सुस्त रक्त को भी जगाने की जादुई शक्ति' थी। इसने उदारवादियों और क्रांतिकारियों तथा विद्वानों और नाविकों को तक एकजुट किया।

महर्षि अरबिंद ने इसीलिए कहा था कि, यह 'भारत के पुनर्जन्म का मंत्र' है। 26 अक्टूबर को 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वंदे मातरम्' गीत के इस इतिहास की देशवासियों को फिर से याद दिलाई और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर से भारत सरकार की ओर से अगले एक वर्ष तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया। इन आयोजनों के माध्यम से देश भर में 'वंदे मातरम्' का पूर्ण गान होगा, जिससे देश की युवा पीढ़ी 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के विचार को आत्मसात कर पाए। आज जब हम भारत पर्व मना रहे हैं और सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहे हैं, तो यह भी याद करते हैं कि कैसे सरदार साहब ने 'एक भारत' का निर्माण कर 'वंदे मातरम्' की भावना को ही मूर्त रूप दिया था। यह गीत केवल अतीत का स्मरण मात्र नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक आह्वान भी है। 'वंदे मातरम्' आज भी विकसित भारत 2047 के हमारे संकल्प में प्रेरणा दे रहा है। यह भारत के सभ्यतागत आत्मविश्वास का प्रतीक है। अब, इस भावना को आत्मनिर्भर और श्रेष्ठ भारत में परिवर्तित करना हमारी ज़िम्मेदारी है।

'वंदे मातरम्' स्वतंत्रता का गीत है, अटूट संकल्प की भावना है, और भारत के जागरण का प्रथम मंत्र है। राष्ट्र की आत्मा से जन्मे शब्द कभी समाप्त नहीं होते, वे सदैव जीवित रहते हैं, पीढ़ियों तक गूंजते रहते हैं। यह जयघोष युगों और पीढ़ियों में अनंतकाल तक प्रतिध्वनित होता रहेगा। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी मान्यताओं और अपनी परंपराओं को भारतीयता की दृष्टि से देखें। वंदे मातरम् !

( लेखक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# कृष्ण योग के सूत्र



संकलित

दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता। कर्म को कृष्ण ऐसा करना कहते हैं, जिसमें कर्ता का भाव है। जिसमें करने वाले को यह पता है कि मैं कर रहा हूं।

# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे



संकलित

प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हरियाणा के बहाने राहुल का चुनाव आयोग पर आरोप

राहुल कांग्रेस के ऐसे नेता है जो हमेशा गलत वजहों से खबरों में रहते है। राहुल की टिप्पणी और आरोप हमेशा बेतुके और असंगत होते है। बिहार चुनाव में पहले चरण के चुनाव के पूर्व हरियाणा के बहाने चुनाव आयोग पर मनगढ़ंत आरोप लगाए। हरियाणा में आठवां वोटर फर्जी और भाजपा ने वोट चुराने के बेमतलब आरोप लगाकर मन को शांत करने की कोशिश राहुल ने की है। हरियाणा में 25 लाख से ज्यादा वोटर्स फर्जी बताकर सीधा निर्वाचन आयोग को घेरने का प्रयास किया है। लेकिन निर्वाचन आयोग ने इसे बेबुनियाद और तथ्यविहीन बताया।भाजपा ने कहा कि कांग्रेस की असली हार की वजह उनके अपने नेता है। राहुल की ये बाते कुंठा को ही व्यक्त करती है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# एफडीए की नकली बोटॉक्स बेच रही वेबसाइट्स को चेतावनी




अमेरिकी स्वास्थ्य नियामकों ने बोटॉक्स और झुर्रियों को कम करने के लिए इस्तेमाल होने वाली अन्य दवाओं के नकली या अप्रमाणित संस्करण बेचने वाली 18 वेबसाइट्स को बुधवार को चेतावनी पत्र भेजे हैं। अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने कहा कि वह इन उत्पादों के कारण होने वाली क्षति की रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई कर रहा है, जिनमें इन उत्पादों के इस्तेमाल के दुष्प्रभाव भी शामिल हैं। बोटॉक्स वास्तव में बोटुलिनम नामक दुनिया के सबसे जहरीले पदार्थों में से एक का तरल और शोधित रूप है। यह तत्व अस्थायी रूप से नसों के संकेतों को अवरुद्ध कर देता है, जिससे मांसपेशियों को आराम मिलता है। बोटॉक्स को सबसे अधिक सौंदर्य प्रयोजनों (कॉस्मेटिक इस्तेमाल) के लिए जाना जाता है, लेकिन अमेरिका में इसे कई चिकित्सा स्थितियों जैसे मांसपेशियों में ऐंठन, नेत्र विकार और माइग्रेन के इलाज के लिए भी मंजूरी प्राप्त है। एफडीए के अनुसार, चेतावनी पत्र ज्यादातर कॉस्मेटिक वेबसाइट्स को भेजे गए हैं। हर मामले में कंपनियां अनधिकृत या गलत लेबल वाले बोटॉक्स जैसी दवाएं बेच रही थीं, जिन्हें एजेंसी ने कभी मंजूरी नहीं दी। कभी-कभी यह विषाक्त तत्व इंजेक्शन वाली जगह से शरीर के अन्य हिस्सों में फैल सकता है।

## ऑफ बीट

# मोटापे की नई दवाएं कोई 'चमत्कारी इलाज' नहीं



इक्कीसवीं सदी में मोटापा सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर उभरा है। यह एक दीर्घकालिक रोग है जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से कई जटिलताएं उत्पन्न करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 1990 से 2022 के बीच मोटापे का वैश्विक प्रसार दोगुना हो गया और अब यह दुनिया भर में, 88 करोड़ वयस्क और 16 करोड़ बच्चों सहित एक अरब से अधिक लोगों को प्रभावित कर रहा है। फ्रांस भी इससे अछूता नहीं है। एक अनुमान के अनुसार, देश में करीब 80 लाख लोग मोटापे से ग्रस्त हैं। इसकी दर 1997 में 8.5 प्रतिशत से बढ़कर 2012 में 15 प्रतिशत और 2020 में 17 प्रतिशत हो गई। हाल में विकसित नई दवाएं- ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1 (जीएलपी-1) एनालॉग्स- चिकित्सकों के लिए नई उम्मीदें लेकर आई हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि केवल इन दवाओं के भरोसे मोटापे पर काबू नहीं पाया जा सकता। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अधिक वजन और मोटापा शरीर में असामान्य या अत्यधिक वसा संचय है जो स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण होता है। 25 से अधिक बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को अधिक वजन और 30 से अधिक को मोटापा माना जाता है।

## ट्रेंड

### वे चाहते क्या हैं



राहुल गांधी ने अभी से मान लिया है कि बिहार चुनाव में कांग्रेस की लुटिया डूबने वाली है। एक ओर राहुल प्रेस कांफ्रेंस में वोट चोरी का रोना रोते हैं और दूसरी ओर एसआईआर का विरोध करते हैं। उनको खुद भी नहीं पता कि वे चाहते क्या हैं?

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### बिहार का गौरव



मेरा वादा है कि बिहार में दुनिया की सबसे बेहतरीन यूनिवर्सिटी बनेगी, युवाओं का भी भविष्य यहीं से बनेगा, और दुनिया भर के लोग फिर से यहां अपना रास्ता तलाशने आएंगे। नालंदा कभी दुनिया का सबसे महान विश्वविद्यालय था, हम सुनिश्चित करेंगे कि उसका वही पुराना गौरव फिर से वापस लौटे।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### चुनाव आयोग की पोल



आज राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की पोल खोल दी है। अब चुनाव आयोग क्या सफाई देगा? हरियाणा को लेकर राहुल जी ने इलेक्शन कमीशन को एक्सपोज कर रख दिया। चुनाव आयोग की मिलीभगत साफ पकड़ी गई है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### माफिया राज को बढ़ावा



हेमंत सरकार माफिया राज को बढ़ावा दे रही है। बालू घाट माफियाओं के चंगुल में है। ग्रामीण अपनी जरूरतों के लिए बालू नहीं उठा सकते लेकिन माफियाओं के ट्रक नदियों को रौंदते हुए अवैध खनन कर रहे हैं।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोन: 401050,271016,फैक्स-271018

ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com

वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




अभी ऐसा



- पुराना स्टॉक बचा था, इसलिए इस सत्र में रायपुर, दुर्ग, बस्तर संभाग में नई यूनिफार्म का वितरण नहीं हो सका था
- बिलासपुर और सरगुजा संभाग में वितरित की जा चुकी है नए रंग की यूनिफार्म





अब ऐसा होगा स्कूल ड्रेस

# स्कूलों में चेक ब्लू शर्ट व स्लेटी पेंट-ट्यूनिक पहनेंगे बच्चे, 58 लाख यूनिफार्म की होगी सिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रदेशभर के शासकीय विद्यालयों के छात्र नए रंग के गणवेश में नजर आएंगे। अब तक बालक आसमानी रंग की शर्ट और नेवी ब्लू रंग की पेंट पहनते रहे हैं। इसी तरह से बालिकाएं आसमानी रंग की शर्ट के साथ नेवी ब्लू रंग की ट्यूनिक पहनती हैं। इसके स्थान पर अब वे नीले रंग के चेक प्रिंट शर्ट के साथ स्लेटी रंग की पेंट व ट्यूनिक पहनेंगे। स्कूल यूनिफॉर्म के रंग में बदलाव मौजूदा शैक्षणिक सत्र ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 15 जून तक सप्लाई

सीएम के निर्देशानुसार 15 जून के पूर्व गणवेश विद्यालयों तक पहुंचाया जाना है। हम दिसंबर से सिलाई प्रारंभ कर देंगे, ताकि वक्त पर यूनिफॉर्म छात्रों तक पहुंच सके।
-एमएम जोशी, सचिव, हथकरघा विकास एवं विपणन संघ

### 58 लाख गणवेश की सिलाई

शासन द्वारा पहली से आठवीं कक्षा के छात्रों को दो जोड़ी यूनिफॉर्म दी जाती है। 29 लाख छात्रों के लिए दो सेट यूनिफॉर्म अर्थात 58 लाख गणवेश सत्र 2026-27 के लिए तैयार किए जाएंगे। हथकरघा विकास एवं विपणन संघ को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला एवं स्व सहायता समूह को इसका जिम्मा दिया गया है। अगले माह से सिलाई कार्य प्रारंभ किया जाएगा। लगभग 2 हजार महिला स्व सहायता समूह मिलकर इसे तैयार करेंगे। उन्हें वस्त्र बुनकर समितियों द्वारा दिया जाएगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### प्रादा की 69,000 रुपए 'सेफ्टी-पिन'



**नई दिल्ली।** रोज़मर्रा की ज़रूरत क्रोशी 'सेफ्टी पिन' अब बेशकीमती हो गई है। इतालवी लक्जरी फैशन ब्रांड प्रादा ने इस साधारण धातु के 'फास्टनर' की कीमत 775 अमेरिकी डॉलर या लगभग 69,000 रुपए आंकी है। पीतल की पिन, ब्रौच का भी काम करेगी। इसकी डिज़ाइनर विशेषता इसकी सुनहरी चमक और क्रोशिये की बारीक कारीगरी है। यह ऑनलाइन और क्रोशिया समुदाय में तेज़ी से चर्चा का विषय बन गई है।

### सो रहे दंपति को ट्रैक्टर-ट्राली ने रौंदा, मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में घर के बाहर सो रहे दंपति को ट्रैक्टर-ट्राली ने रौंद दिया, जबकि उनकी दस वर्ष की पोती गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान रामशंकर (48) एवं उनकी पत्नी तारावती (45) के रूप में की गई है। हादसे में अपनी दादी के पास सो रही वंदना (10) गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना पुवाया अंतर्गत पुवायां निगोही मार्ग पर एक ट्रैक्टर ट्राली जब सुनारा बुजुर्ग गांव पहुंची तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। वाहन ने घर के बाहर सो रहे दंपति को रौंद दिया।

### अमेरिका व्यस्त मार्गों पर कम करेगा उड़ानें



**वॉशिंगटन।** संघीय विमानन प्रशासन ने बुधवार को घोषणा की कि वह अमेरिकी सरकार में मौजूदा 'शटडाउन' के दौरान सुरक्षा बनाए रखने के लिए शुक्रवार सुबह से 40 सबसे व्यस्त मार्गों पर 10 प्रतिशत हवाई यातायात सेवाएं कम करेगा। एजेंसी को कर्मचारियों की कमी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि हवाई यातायात नियंत्रक बिना वेतन के काम कर रहे हैं।

क्रिकेटर अभिनेता पर केंद्रीय एजेंसी का शिकंजा

# सट्टेबाजी केस में ईडी का बड़ा एक्शन क्रिकेटर रैना-धवन की संपत्तियां कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने कथित अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट के संचालन से जुड़े धनशोधन मामले में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट '1एक्सबेट' के खिलाफ मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शिखर धवन की 4.5 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति और रैना के 6.64 करोड़ रुपए के म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है। संघीय एजेंसी की जांच में पाया गया है कि दोनों पूर्व क्रिकेटर ने 'स्थिति को जानते हुए एक्सबेट' और उसके सहयोगियों के प्रचार के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ समझौते किए। ईडी ने जांच के तहत इन दोनों क्रिकेटर के अलावा युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा ▶▶|शेष पेज 6 पर

*ईडी ने गुरुवार को कई मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कथित अवैध सट्टेबाजी केस में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन पर शिकंजा कसा है। कारोबारी अनिल अंबानी को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में फिर तलब किया है, वहीं एक अन्य मामले में जम्मू-कश्मीर में पूर्व मंत्री के ठिकानों पर छापेमारी की।*

### शिखर धवन की 4.5 करोड़ की अचल संपत्ति



### भारत में बैन हैं ये एप

भारत में 1 एक्स बेट, फेयर प्ले, पैरीमैच और लोटस 365 जैसे बेटिंग प्लेटफॉर्म प्रतिबंधित हैं। ईडी सूत्रों का कहना है कि ये सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म अपने विज्ञापनों में 1 एक्स बेट और 1 एक्स बेटस्पोर्टिंग लाइन्स जैसे छद्म नामों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन विज्ञापनों में अक्सर क्यूआर कोड होते हैं, जो उपयोगकर्ताओं को सट्टेबाजी वाली साइट्स पर भेज देते हैं। कंपनी का दावा है कि 1 एक्स बेट एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बुकी है, जो पिछले 18 सालों से बेटिंग इंडस्ट्री में है. इसके ग्राहक हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगा सकते हैं।

### क्या है मामला

यह जांच कथित अवैध बेटिंग ऐप्स से जुड़ी है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी की है या बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की है। इस मामले की जांच के तहत ईडी ने युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा, सोनू सूद, उर्वशी रोतैला, मिमी चक्रबर्ती और अनुष्का हाजरा के साथ-साथ इन दोनों पूर्व क्रिकेटर्स से भी पूछताछ की थी।

### इन पर भी शिकंजा

#### बैंक धोखाधड़ी मामले में अंबानी तलब

प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में अगले सप्ताह फिर पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के अनुसार 66 वर्षीय उद्योगपति को 14 नवंबर को पेश होकर बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

#### पूर्व मंत्री के ठिकानों पर छापेमारी

ईडी ने मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत जम्मू-कश्मीर में पूर्व मंत्री बाबू सिंह के परिसरों समेत कई स्थानों पर छापे मारे। श्रीनगर में छह और जम्मू में दो परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत छापे मारे जा रहे हैं।

# राहुल के वोट चोरी के आरोप सही, परिवारों ने कहा- धोखाधड़ी की गई



**नई दिल्ली।** हरियाणा के राई विधानसभा क्षेत्र में ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर वाले कथित वोटर आईडी कार्ड पर विवाद बना हुआ है। एक न्यूज चैनल ने विमला के परिवार से संपर्क किया। उन तीनों मतदाताओं विमला, सरोज और गुनिया के परिवार को ट्रैक किया है, जिनके वोटर कार्ड पर ब्राजील की महिला की फोटो छपी हुई थी। तीनों ही परिवारों ने राहुल के वोट चोरी के दावे का समर्थन किया और इस फ्रॉड की पुष्टि की। ब्राजीलियन महिला की फोटो के साथ विमला का नाम नजर आया है। उनके बेटे ने पुष्टि की कि उनकी मां के नाम पर एक रहस्यमयी मतदाता पंजीकृत है, जिसका अलग ईपीआईसी नंबर है और वही घर का नंबर है।

### 2022 में हो गई थी गुनिया की मौत

इसी तरह, एक और महिला गुनिया की मार्च 2022 में मौत हो गई थी। गुनिया के परिवार ने कहा कि गुनिया ने अपनी मौत से पहले अपना वोट डाला था लेकिन उन्हें गलत फोटो का नहीं पता था। एक और महिला सरोज के परिवार का कहना है कि राई से सरोज का वोट भिवानी विधानसभा क्षेत्र में शिफ्ट कर दिया गया था। 2001 के बाद से सरोज ने यहां वोट नहीं डाला है। वह अचंभे में है कि सरोज का नाम अभी भी वोटर आईडी कार्ड में है और फोटो गलत नजर आ रही है। सरोज की बहन का कहना है फ्रॉड किया गया है। ठीक ऐसा ही केस गुनिया का भी है।

# मेडिकल की सीटें हो रही 1500 से ज्यादा, पर पढ़ाने वाले आधे भी नहीं, 1100 से ज्यादा पद खाली

- कुल स्वीकृत पद 2058, कार्यरत चिकित्सा शिक्षक 935, रिक्त पद 1123
- दो साल से डीपीसी के साथ भर्ती अटकी, संविदा डाक्टर भी नियमित नहीं हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राज्य निर्माण के बीते 25 साल में एक से बढ़कर दस हो चुके शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय फैकल्टी की आधी ताकत के भरोसे चल रहे हैं। इन मेडिकल कालेजों में चिकित्सा शिक्षकों के कुल 2028 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 935 कार्यरत हैं और 1123 पद रिक्त हैं। रायपुर मेडिकल कॉलेज में ही 174 पद खाली हैं। संविदा में ▶▶|शेष पेज 6 पर



| कालेज | पद | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 416 | 242 | 174 |
| रायगढ़ | 91 | 42 | 49 |
| कोरबा | 150 | 58 | 92 |
| सरगुजा | 86 | 60 | 26 |
| महासमुंद | 150 | 61 | 89 |
| जगदलपुर | 154 | 82 | 72 |
| राजनांदगांव | 155 | 66 | 89 |
| बिलासपुर | 255 | 123 | 132 |
| कांकेर | 148 | 30 | 118 |
| दुर्ग | 164 | 49 | 115 |

### जॉब सिक्योरिटी का रिस्क

*संविदा के आधार पर चिकित्सा शिक्षकों की कमी दूर करने का प्रयास तो किया जाता है मगर जॉब सिक्योरिटी की वजह से विभागीय प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से संविदा डाक्टर निजी अस्पताल अथवा दूसरे राज्यों की तरफ पलायन कर जाते हैं। यहां भर्ती की प्रक्रिया शासन स्तर पर की जाती है। वहीं मध्यप्रदेश में पद रिक्त होने पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय और कालेज स्तर पर सीधी भर्ती का अधिकार दिया गया है।*

### एकमात्र डेंटल कालेज का हाल भी बुरा

चिकित्सा महाविद्यालयों की तरह राज्य के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय का हाल भी बुरा है। यहां चिकित्सा शिक्षकों के 102 पद स्वीकृत है, इसमें 31 नियमित और 39 संविदा मिलाकर 70 कार्यरत है और 32 पद रिक्त है। शासकीय डेंटल कालेज में बीडीएस और एमडीएस पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। यहां बीडीएस की सालों से 100 सीट हैं जिसे बढ़ाने की कोशिश लंबे समय से नहीं की जा रही है।






## देश के सबसे बड़े दानदाता बने कारोबारी नादर

### एक साल में किसका कितना दान

शिव नादर -2,708 करोड़
नंदन नीलेकणि-356 करोड़
रोहिणी नीलेकणि-199

# कारोबारी शिव ने पांच साल में किया 10,122 करोड़ का दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अलग खबर

भारत के सबसे बड़े दानवीरों की लिस्ट 'एडल गिव और हुरुन फिलैंथ्रॉपी लिस्ट 2025' जारी हो गई है। इस साल भी एचसीएल टेक्नोलॉजी के संस्थापक शिव नादर और उनका परिवार टॉप पर हैं। नादर परिवार ने पिछले साल 2,708 करोड़ रुपए का दान दिया, यानी औसतन हर दिन करीब 7.4 करोड़ रुपए दान किए। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### महिलाएं भी पीछे नहीं

इस साल की लिस्ट में 24 महिलाएं शामिल हैं। इनमें रोहिणी नीलेकणि भारत की सबसे उदार महिला बनीं, जिन्होंने 204 करोड़ रुपए का योगदान दिया। बायोकोन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ ने 83 करोड़ रुपए रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए दिए, जबकि बीना शाह ने शिक्षा के क्षेत्र में 69 करोड़ रुपए का दान किया।



### सीएसआर में रिलायंस का दबदबा

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत 1,309 करोड़ रुपए का दान दिया, जो उनके अनिवार्य खर्च से 261 करोड़ रुपए ज्यादा था। रुंगटा संस (181 करोड़ रुपए) और जिंदल स्टील एंड पावर (267 करोड़ रुपए) ने भी सीएसआर में अपनी जिम्मेदारी से अधिक योगदान दिया।

### इन्फोसिस संस्थापकों का रिकॉर्ड दान

इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि, क्रिस गोपालकृष्णन, के. दिनेश, रोहिणी नीलेकणि और कुमारी शिबूलाल ने मिलकर 850 करोड़ रुपए से अधिक का दान दिया है। यह औसतन हर दिन 2 करोड़ रुपए से ज्यादा है और इसे किसी एक कंपनी के संस्थापकों द्वारा किया गया सबसे बड़ा दान माना जा रहा है।



सामान्य रूप से पेड़-पौधे प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया द्वारा जल, वायु और सूर्य की किरणों की सहायता से अपना भोजन तैयार करते हैं। लेकिन कुछ पौधे ऐसे भी होते हैं, जो छोटे-छोटे जीवों से भी अपना भोजन और पोषण प्राप्त करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे कीटभक्षी पौधों के बारे में।

# अनोखे पौधे जो करते हैं कीट-पतंगों का शिकार!

वनस्पति जगत
डॉ. दीपक कोहली

बच्चो, प्रकृति में हर जंतु और पौधा अपने-अपने तरीके से जीवन-यापन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि कुछ पौधे सिर्फ हवा, पानी और सूरज की रोशनी से नहीं, बल्कि कीड़ों और छोटे जीवों से भी अपना भोजन प्राप्त करते हैं? ऐसे पौधों को कीटभक्षी पौधे कहते हैं।

## कहां मिलते हैं, कैसे होते हैं

कीटभक्षी पौधे अकसर दलदली, कीचड़ वाली या खारी मिट्टी वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। ऐसी मिट्टी में पौधों के लिए जरूरी पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। इसलिए ये पौधे अपने भोजन के लिए कीड़ों, मक्खियों और छोटे कीट-पतंगों पर निर्भर रहते हैं। इन पौधों के पत्ते, फूल और कभी-कभी तने इस तरह विकसित होते हैं कि वे कीड़ों को आकर्षित कर सकें और उन्हें पकड़ सकें। उनके रंग, आकार और खुशबू, कीड़े और छोटे जीवों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ये कीटभक्षी पौधे दिखने में बहुत सुंदर और रंग-बिरंगे होते हैं। ये पौधे अपनी सुंदरता-मोहकता के साथ-साथ अपने अनोखे शिकार करने के तरीके के लिए भी जाने जाते हैं।

## कैसे होता है अंकुरण

कीटभक्षी पौधे मिट्टी से कम पोषक तत्व प्राप्त करने के बावजूद, अपने भोजन/शिकार से जरूरी नाइट्रोजन और फॉस्फोरस प्राप्त कर लेते हैं। इन पौधों के बीज बहुत छोटे होते हैं, इनका अंकुरण बहुत धीरे-धीरे होता है। जब ये पौधे छोटे होते हैं, तो इनके पत्ते बहुत नाजुक और पतले होते हैं। जैसे-जैसे पौधा बड़ा होता है, इनके पत्ते शिकारी बनने लगते हैं। यह पूरी प्रक्रिया बहुत ही अद्भुत और जादुई लगती है। कौन-कौन से पेड़-पौधे कीटभक्षी होते हैं, यह भी जानो-

## लंबे गिलास या घड़े के आकार का पौधा पिचर प्लांट

इसे पिटकॉल ट्रैप प्लांट के नाम से भी जाना जाता है। पिचर प्लांट में लंबे गिलास या घड़े जैसे पत्ते होते हैं, जिनके अंदर रस या पाचन एंजाइम भरा रहता है। कीड़े-मकोड़े इस रस या पाचन की ओर आकर्षित होकर पत्ते में गिर जाते हैं। इसकी चिकनी सतह और फिसलन भरे नीचे की ओर झुके बालों के कारण इसमें फंसे कीट बाहर नहीं निकल नहीं पाते। यह पौधा पाचन एंजाइम की सहायता से कीड़े को पचा लेता है। अपने रंग और आकार के अनूठेपन के कारण पिचर प्लांट को 'प्रकृति का जादू' भी कहा जाता है।

## ओस जैसी बूंदों से चिपका लेता है सनड्यूज प्लांट

सनड्यूज प्लांट बहुत ही नाजुक और सुंदर होता है।



इसके पत्तों पर लंबे तंतु बने होते हैं। इन तंतुओं के सिरे पर एक चिपचिपी ग्रंथि पाई जाती है, जो धूप में ओस (ड्यू) की बूंदों जैसी चमकती है। इसीलिए इसका नाम 'सनड्यूज' पड़ा। ये चमकदार बूंदें जैसी ग्रंथियां कीड़ों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। कीड़ा इन बूंदों से चिपक जाता है और पत्ते धीरे-धीरे उसे पचा लेते हैं।

## शिकार को झपटकर पकड़ता है वीनस फ्लाईट्रैप

वीनस फ्लाईट्रैप नामक कीटभक्षी पौधा, अपने पत्तों को दो भागों में खुला रखता है। पत्तों के किनारों पर मोटे कांटेनुमा संरचना होती है। इसके भीतरी हिस्से पर छोटे-छोटे बाल पाए जाते हैं। जब कोई कीड़ा इन अंदरूनी बालों को छूता है, तो ये खुले पत्ते झपट्टा मारकर तुरंत बंद हो जाते हैं। इसमें मौजूद पाचन एंजाइम के कारण फ्लाईट्रैप में फंसा कीड़ा धीरे-धीरे पचकर या मेल्ट होकर पौधे को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है।

बच्चो, यह समझना बहुत जरूरी है कि ये पौधे बहुत नाजुक होते हैं। इन्हें इनके प्राकृतिक आवास से निकालना या तोड़ना बिल्कुल सही नहीं है। इन्हें देखने के लिए तुम बॉटनिकल गार्डन या रिजर्व फॉरेस्ट में जा सकते हो। ये कीटभक्षी पौधे हमें यह भी याद दिलाते हैं कि हर जीव और पौधा अपने



तरीके से जीवन जीता है। प्रकृति ने इन्हें अलग-अलग विशेषताओं से युक्त बनाया है। ये कीटभक्षी पौधे जैव विविधता (बायो डायवर्सिटी) को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तो जब भी तुम जंगल या किसी बॉटेनिकल गार्डन में जाओ, तो इन छोटे शिकारी पौधों को ध्यान से देखो और उनके अनोखेपन का आनंद लो। *




## मेंढक-गिरगिट जैसे जंतु भी हो जाते हैं ट्रैप

बच्चो, ये कीटभक्षी पौधे कीट-पतंगे, कीड़े-मकोड़े का भक्षण तो करते ही हैं, कभी-कभी छोटे मेंढक, गिरगिट या अन्य छोटे जंतु भी इनके जाल में फंस जाते हैं। है न कमाल की बात! ये सभी कीटभक्षी पौधे अपनी अनोखी शिकार तकनीक के लिए जाने जाते हैं।

# दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड जहां हैं केवल एक घर-एक पेड़

बच्चो, तुमने अपनी जीके की बुक में दुनिया के सबसे बड़े आईलैंड ग्रीनलैंड के बारे में पढ़ा होगा। लेकिन क्या तुम सबसे छोटे आईलैंड के बारे में जानते हो? यहां हम तुम्हें स्मॉलेस्ट आईलैंड 'जस्ट रूम एनफ' के बारे में बता रहे हैं।



रोचक
रेखा शाह आरबी

बच्चो, आईलैंड यानी द्वीप जमीन का ऐसा टुकड़ा होता है, जो चारों तरफ पानी से घिरा होता है। दुनिया में अलग-अलग आकार-प्रकार और विशेषताओं वाले कई आईलैंड स्थित हैं। घूमने-फिरने के शौकीन लोग मौज-मस्ती और नेचर के करीब कुछ समय गुजारने के लिए ऐसे आईलैंड्स की यात्रा करना खूब पसंद करते हैं। ऐसे द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और अनेक विशेषताएं पर्यटकों को खूब पसंद आती हैं। यहां की शांति, साफ-सुथरा वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। दरअसल, सामान्य स्थल की तुलना में आईलैंड यानी द्वीप अधिक शांत और प्रदूषणमुक्त होते हैं।

**अनेक द्वीप हैं दुनिया में:** दुनिया भर में अनेक फेमस आईलैंड्स हैं, जैसे- ग्रीनलैंड, न्यू गिनी, बोर्नियो, मेडागास्कर, सुमात्रा आदि। अपने देश में भी लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार जैसे खूबसूरत आईलैंड हैं। ये सभी आईलैंड्स अपनी-अपनी खूबियों के लिए प्रसिद्ध हैं।

**जस्ट रूम एनफ आईलैंड:** यह तो तुमको पता होगा कि दुनिया का सबसे बड़ा आईलैंड, ग्रीनलैंड है। इसका क्षेत्रफल 2,166,086 वर्ग किलोमीटर है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड कौन-सा है? नहीं पता, चलो हम बताते हैं! दुनिया के सबसे छोटे आईलैंड का नाम है 'जस्ट रूम एनफ' आईलैंड। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क में सेंट लॉरेंस नदी में स्थित है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह आईलैंड इतना छोटा है कि इस पर केवल एक मकान बनाने भर की जगह है। इसका नाम जस्ट रूम एनफ रखा गया है। इस पूरे आईलैंड का फैलाव मात्र 3,300 स्क्वायर फीट तक ही सीमित है। इस आईलैंड पर एक घर, एक पेड़ के अलावा कुछ झाड़ियां ही हैं। पहले इस आईलैंड का नाम 'हब आईलैंड' था। साल 1950 में किसी धनी व्यक्ति ने इसको खरीद कर इस पर मकान बनवाया और एक पौधा लगाया। जो अब एक पेड़ बन चुका है। जब इस पर मकान बनकर तैयार हो गया तो इसका नाम हब आईलैंड से बदल कर जस्ट रूम एनफ कर दिया गया। नदी के किनारे से देखने पर यह आईलैंड बहुत मनमोहक लगता है। इसकी सुंदरता को करीब से देखने के लिए दुनिया भर के सैलानी यहां पर घूमने-फिरने के लिए आते रहते हैं। अपने सबसे छोटे आकार के कारण ही इस आईलैंड का नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

कविता / ओम निश्चल

# उठो सुबह की वेला आई!



उठो सुबह की वेला आई!
उमग-उमग कर चिड़ियां चहकीं
कोयल लेती है अंगड़ाई।
सूरज कब का जगा हुआ है
देखो बाल सूर्य की किरणें
दूर पहाड़ी पर हिरणों की
टोली आई सबसे मिलने
बच्चे इनके खेल रहे हैं
आपस में ही छुपम-छुपाई।
उठो सुबह की वेला आई!
कलश लिए चल पड़ी सुबह ही
देखो पनिहारिन की टोली
बिना हलक की प्यास मिटे
कैसे निकलेगी मुंह से बोली
वो क्या जानें संघर्षों को
जिनके पांव न फटी बिवाई।
उठो सुबह की वेला आई!

चादर तान देर तक सोई
हुई देख लो अभी टिटहरी
मगर पपीहा बजा रहा है
कब से विह्वल राग पिपहरी
देखो फुदक रही गौरैया
नाच उठी घर की अंगनाई।
उठो सुबह की वेला आई!

## बूझो तो जानें



1
जंगल का 'राजा' कहलाता,
बासी भोजन कभी न खाता।
सभी जानवर इससे डरते,
राजा की इज्जत हैं करते।।

2
मरुस्थल का जहाज कहलाए,
ढेरों काम बनाता।
बोझा ढोता, खेत जोतता,
यात्राएं करवाता।।


3
माता का दर्जा पाया है,
दूध मिले गुणकारी।
रंग सफेद और काला भी,
यह है पूज्य हमारी।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.शेर, 2.ऊंट, 3.गाय

## जीके क्विज-178

1. हाल ही में इंडियन वूमेंस क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर आइसीसी वूमेंस वन-डे क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन का नाम क्या है?
3. आइसीसी की ताजा वन-डे रैंकिंग के अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन कौन बने हैं?
4. हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन बनी हैं?
5. सुप्रीम कोर्ट के 53वें मुख्य न्यायाधीश कौन होंगे?
6. भारत के वर्तमान केंद्रीय सहकारिता मंत्री कौन हैं?
7. निकट दृष्टि दोष में किस लेंस का इस्तेमाल किया जाता है?
8. पेड़-पौधे वायुमंडल से कौन-सी गैस अवशोषित करते हैं?
9. संसार का सबसे छोटा महाद्वीप कौन-सा है?
10. हाल में ही किस रॉकेट के द्वारा भारतीय वैज्ञानिकों ने सीएमएस 03 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया?



बच्चो, जीके क्विज-178 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-177 का उत्तर :** 1. लियोनेल मेसी, 2.अयोध्या, 3.राष्ट्रीय एकता दिवस, 4. 24 अक्टूबर, 5.राजस्थान, 6.लैक्टोबैसिलस, 7.जॉन मथाई, 8.हैंस लेपर्शी, 9.कोलकाता, 10.मुंशी प्रेमचंद

**जीके क्विज-177 का सही उत्तर देने वाले :** रितेश-मटियारी, रजनी-बलरामपुर, कबीर-हिसार, पूनम-गुना, बलजीत-भिवानी, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, आंचल-ईमेल से, अजय-रोहतक, अंकुश-बिलासपुर, कुसुम-बलौदा बाजार

कहानी
दिविक रमेश

होलू को एक दिन सड़क पर रोता हुआ एक बच्चा मिला। उसने जानना चाहा कि बच्चा रो क्यों रहा है? बच्चे से उसने एक नहीं कई सवाल किए। बच्चे के जवाबों से होलू का दिमाग और चकरा गया।

# रोता बच्चा और होलू


होलू ने देखा। सड़क किनारे एक बच्चा बैठा है। रो रहा है। पता नहीं क्यों? होलू को मां की बात याद आई। कोई परेशान हो तो उसकी मदद करनी चाहिए। होलू ने सोचा क्या करें? उसे चिंता हुई। पूछ ही लिया, 'तुम कौन हो?'

बच्चे ने होलू की ओर देखा। रोना थोड़ा कम हुआ। सुबकते हुए बोला, 'बच्चा हूं।'

'वह तो मुझे मालूम है, पर तुम कर क्या रहे हो?' होलू ने थोड़ा परेशान होकर पूछा।

'रो रहा हूं।' बच्चे ने कहा। कह कर वह फिर रोने लगा।

होलू का तो माथा ही चकरा गया-कैसा बच्चा है? समझ ही नहीं आया कि आगे क्या पूछे। थोड़ी देर तक होलू को कुछ समझ में नहीं आया। तभी कुछ सूझा। उसने फिर पूछा, 'यह तो दिख रहा है, पर तुम रो क्यों रहे हो?' अब बच्चे की बारी थी, थोड़ा चौंकने की। उसने होलू की ओर देखा। ऐसे, जैसे होलू उसकी निगाह में बुद्धू हो।



उसका रोना रुक चुका था। मुंह बनाकर बोला, 'इतना भी नहीं मालूम, कोई क्यों रोता है? क्या तुम कभी नहीं रोए?'

'रोया तो हूं। अभी तो मुझे तुम्हें रोता देखकर रोना आ रहा है, पता नहीं क्यों?' होलू ने पूछा, 'तुम्हें पता है?' 'नहीं तो..।' बच्चे ने लगभग रोते-रोते ही जवाब दिया। थोड़ी देर दोनों एक-दूसरे को देखते रहे।

होलू ने याद करने की कोशिश की। यही कि पिछली बार वह कब रोया था और क्यों रोया था? होलू ने देखा, बच्चा उसी की ओर देख रहा है। रोना छोड़कर सुबक रहा है। उसे यह भी लगा कि बच्चा कुछ ऐसे देख रहा है, जैसे वह जीत गया हो। विजेता हो। होलू को याद आया, बोला, 'मैं तो इसलिए रोया था, मां ने मेरी बात नहीं मानी थी। मुझे बहुत गुस्सा जो आया था।' बच्चा अब तक चुप था। बोला, 'मैं भी तो इसीलिए रो रहा हूं। उधर देखो, दीवार की ओर।' होलू ने देखा, वहां सामने नई दीवार चिनी जा रही है। एक राजमिस्त्री दीवार बना रहा था। पास ही एक महिला थी। वह कभी उसे ईंट पकड़ाती तो कभी मसाला देती थी। बच्चा तपाक से बोला, 'वही तो मेरी मां है।' 'अच्छा..?' होलू थोड़ा चौंकते हुए बोला।

बच्चे ने बताया, 'मैंने मां से कहा कि मैं भी काम करूंगा। पर मां ने डांट दिया। बोली-तू यहां बैठ, अभी तू छोटा है। बस इसीलिए रो रहा हूं। मुझे छोटा क्यों कहा मां ने?'

होलू कुछ सोच में पड़ गया। उसे मां की बात भी ठीक लग रही थी और बच्चे की भी। क्या कहे वह। पर उसे समझ ही नहीं आ रहा था कि वह ऐसा क्यों सोच रहा है। कुछ देर तक जब होलू को कुछ नहीं सूझा तो उसने यही सोचा कि घर जाकर मां से पूछेगा। उसे बस यह जरूर अच्छा लगा कि अब बच्चा चुप था। बच्चा अपने पास रखी चीजों में खोता जा रहा था। होलू घर की ओर लौट चला था। *

कहानी
सरस्वती रमेश

पर्वत को अपने विशाल होने का बहुत घमंड था। वह पशु-पक्षियों को अपने से बहुत छोटा मानता था। गिलहरी, खरगोश और चिड़िया से उसने ऐसा बोल भी दिया। लेकिन एक दिन ऐसा कुछ हुआ कि पर्वत का घमंड चूर हो गया।

# पर्वत का घमंड



एआई इमेज

बरगद के पेड़ पर गिल्लू गिलहरी रहती थी। गिलहरी दिनभर इधर-उधर कूदती रहती। खरगोश, चिड़िया जैसे उसके दोस्त थे, वह उनसे मिलती-जुलती रहती। कभी-कभी उछलते-कूदते तीनों पर्वत तक पहुंच जाते। इन्हें देख पर्वत अभिमान से भर उठता, सोचता, 'ये कितने छोटे हैं, मैं कितना बड़ा-विशाल। आसमान को छूता, बादलों से बातें करता, हवाओं के साथ खेलता। इन सब की तो मेरे आगे कोई हैसियत ही नहीं है।' एक दिन गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया के साथ पर्वत पर खूब धमा-चौकड़ी मचा रही थी। तीनों कभी पर्वत पर कूदते तो कभी उसके बदन पर फिसलते। यह देखकर पर्वत को क्रोध आ गया। वह गुस्से से गरजा, 'तुम लोग ये क्या कर रहे हो?' गुस्से में पर्वत का चेहरा लाल हो गया था। उसे देख गिल्लू और पीकू को हंसी आ गई। गिल्लू हंसते हुए बोली, 'हम लोग यहां खेल रहे हैं। तुम भी खेलोगे हमारे साथ?' 'नहीं, मैं छोटे लोगों के साथ नहीं खेलता।' पर्वत घमंड से बोला। 'हम छोटे हैं तो क्या हुआ?' गिल्लू आश्चर्य से बोली। 'छोटों का कोई मान-सम्मान नहीं होता। वे किसी काम के नहीं होते।' पर्वत अकड़ कर बोला। 'अच्छा, तुम बड़े हो, लो जरा यह मूंगफली फोड़कर दिखाओ।' गिल्लू बोली।

'मूंगफली जैसी छोटी चीज मैं नहीं फोड़ सकता।' पर्वत ने बहाना बनाया। 'हार गए न..! देखो मैं कितनी आसानी से फोड़ देती हूं।' गिल्लू ने मूंगफली अपने दांतों में दबाकर झट से फोड़ दी।

'मूंगफली नहीं फोड़ सकता तो क्या, मेरे ऊपर कितने ही पेड़-पौधे, पशु-पक्षी रहते हैं। मैं सबको संभाल कर खड़ा रहता हूं।' पर्वत अभी भी घमंड से चूर था। तभी अचानक जोर की आंधी आई। गिल्लू और पीकू भागकर अपने बिलों में छुप गए। चिड़िया एक पेड़ पर दुबक कर बैठ गई। आंधी के साथ बारिश भी शुरू हो गई। मूसलाधार बारिश और हवा के थपेड़ों से पर्वत तहस-नहस होने लगा। उस पर उगे कुछ पेड़-पौधे गिरने लगे। पर्वत की चट्टानें दरकने लगीं। बेचारा पर्वत बहुत देर बारिश की मार झेलता रहा। जब बारिश बंद हुई तो गिल्लू और पीकू बिल से बाहर निकल आए। पर्वत की दशा बहुत बुरी थी। वह मन ही मन सोच रहा था, 'इस नन्ही गिलहरी, खरगोश और चिड़िया का तो कुछ भी न बिगड़ा और मैं इतना शक्तिशाली होने के बाद भी तहस-नहस हो गया, बिखर-सा गया।' तभी गिल्लू ने पर्वत से कहा, 'पर्वत भाई, देखा तुमने। इतने विशाल होने के बाद भी तुम बारिश से नहीं बच सके। अब तो समझ गए होगे कि बड़ा-विशाल होने से कुछ नहीं होता। छोटों का भी अपना एक महत्व है।' पर्वत का सिर लज्जा से झुका गया, बोला, 'तुम ठीक कह रही हो गिल्लू बहन। मैंने तुम लोगों को छोटा समझ, तुम्हारा अपमान किया। मुझे माफ कर दो।' 'माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं। तुम्हें अपनी गलती का अहसास हुआ यही काफी है। आज से हम दोस्त हैं।' गिल्लू बोली।

'बिल्कुल, अब तुम मेरे ऊपर खूब फुदकना। मैं बिल्कुल गुस्सा नहीं करूंगा।' पर्वत बोला।

उस दिन से पर्वत ने घमंड छोड़ दिया। गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया पर्वत पर मजे से खेलते-कूदते, पर्वत भी इनके साथ आनंद लेता। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पूसी बिल्ली के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।





उत्तर: 1. बिल्ली के सिर पर रखे कोन की डिजाइन में बस दो कलर है, तीसरा हरा रंग गायब है। 2. बिल्ली की पूंछ का पिछला हिस्सा सफेद नहीं है। 3.बिल्ली के दाएं पैर पर अधिक बाल हैं। 4.बिल्ली के मुंह का आंतरिक हिस्सा ब्लैक दिख रहा है। 5.पीछे बाईं तरफ एक्स्ट्रा ग्रीन झाड़ी उगी हुई है। 6.दाईं तरफ बिल्ली के पंजे के पास एक्स्ट्रा झाड़ी उगी हुई है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बत्तख का एक नन्हा बच्चा उदास है, क्योंकि वह अपनी मां और भाई-बहन से बिछड़कर रास्ता भटक गया है। तुम सही रास्ता खोजकर इस नन्हे बत्तख को अपनी फैमिली तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## प्रधानमंत्री मोदी ने भागलपुर की चुनावी रैली में साधा निशाना

# राजद वाले 'जंगलराज पाठशाला' में सिखाते हैं अपहरण, फिरौती, रंगदारी

### बिहार विधानसभा के लिए 11 को होना है दूसरे चरण का मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भागलपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजद सदस्य 'जंगलराज पाठशाला' में पढ़ाई करते हैं, जहां उन्होंने ए से अपहरण, एफ से फिरौती, आर से रंगदारी सीखा। उन्होंने कहा, 'राजद के लोग 'जंगलराज पाठशाला' से पढ़े हैं, जो 'ए से अपहरण', 'ए से अत्याचार' सिखाती है। राजद के लोग केवल 'एफ से फिरौती' और 'आर से रंगदारी' समझते हैं। उनकी स्कूल पी से परिवारवाद, जी से घोटाला सिखाती है। राजद का ककहरा है कट्टा, क्रूरता, कुशासन, कुसंस्कार, भ्रष्टाचार और कुशासन...।

### दो 'सबसे भ्रष्ट परिवार'

पीएम मोदी ने लालू यादव के परिवार और राहुल गांधी के परिवार को दो 'सबसे भ्रष्ट परिवार' करार दिया। उन्होंने कहा, 'आप कल्पना कीजिए कि अगर बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार और देश का सबसे भ्रष्ट परिवार, जो जमानत पर बाहर है। ये दोनों अगर सत्ता में होते, तो ये पैसे बहनों के खाते में नहीं, ये कांग्रेस और राजद के नेताओं की तिजौरी में पहुंच जाते।' पीएम मोदी ने महागठबंधन के बीच आंतरिक सत्ता संघर्ष का दावा किया। उन्होंने कहा कि राजद ने कांग्रेस से 'उनकी सिर पर बंदूक रखकर' मुख्यमंत्री की उम्मीदवारी छीन ली। पिछले कुछ महीनों से, कांग्रेस के नेता दावा कर रहे हैं कि उनकी पार्टी बड़ी है और राजद केवल एक छोटा टैग-ऑन है, लेकिन राजद ने कांग्रेस के इस घमंड को चुनौती दी, उनके 'नामदार' के घमंड को चुनौती दी हैऔर कांग्रेस के सिर पर बंदूक रखकर, उन्होंने मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी छीन ली है। अब, कांग्रेस के लोग राजद से बदला लेने के लिए तैयार हो रहे हैं।

### 'बिहार को घुसपैठियों से मुक्त बनाने के लिए है यह चुनाव'



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बिहार में कहा कि अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए देश के लिए सुरक्षा खतरा हैं और वे बिहार व देश के लोगों की नौकरियां छीन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बिहार को घुसपैठियों से मुक्त बनाने के लिए है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने मधुबनी में कहा कि राहुल गांधी को सेना के जवानों की जाति और धर्म जानने की बात कहने पर शर्म आनी चाहिए। वे हमारे सेना के जवानों की जाति और धर्म पूछ रहे हैं। सेना में किसी की जाति या मजहब नहीं देखा जाता. देश की सुरक्षा में सभी समान हैं।'

#### राहुल और लालू पर संयुक्त हमला

शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी ही 'जंगलराज' से बिहार को बचा सकती है, जबकि लालू प्रसाद और राहुल गांधी घुसपैठियों का रास्ता खोलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि 'महागठबंधन' की जगह 'ठगबंधन' को मौका मिला तो चंपारण 'मिनी चंबल' बन जाएगा। बिहार ने इंदिरा गांधी की तानाशाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया था, लेकिन अब कांग्रेस फिर से आरजेडी के सहारे राज्य पर शासन करना चाहती है।'

# लोकतंत्र के उत्सव पर छलका उत्साह

### बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रथण चरण की हुई वोटिंग

नई दिल्ली। 25 साल बाद, जब नीतीश कुमार जब अपनी सत्ता के दो दशक पूरे करने की ओर बढ़ रहे हैं, बिहार फिर एक बार लोकतंत्र के उत्सव में उमड़ा है। विधानसभा चुनाव के प्रथण चरण के मतदान के तहत गुरुवार को राजधानी पटना सहित शहर-गांवों में बड़ी संख्या में लोगों ने लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाई है। बूथों में लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगीं। बिहार में इस बार वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। शाम पांच बजे तक 60 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है।


लालू प्रसाद यादव


पटना


रविशंकर प्रसाद


नीतीश कुमार


तेजस्वी यादव


तेज प्रताप यादव


खान सर


रामकृपाल यादव







## 'भाजपा के लोग 'चुनाव चोरी' करने की कोशिश करेंगे, जेन जेड रहे सावधान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



बिहार की चुनावी सभा में राहुल गांधी ने जेन जेड को सावधान किया। पूर्णिया में चुनावी सभा में एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए कहा हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आप सभी को पोलिंग बूथ पर सावधान रहना है। भाजपा के लोग 'चुनाव चोरी' करने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन बिहार के युवाओं और जेन-जी को संविधान की रक्षा करनी है। हमें चुनाव चोरी करने वालों को रोकना है और ये हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ पर हमें वोट चोरी करने वालों को रोकना है, यही हमारी जिम्मेदारी है। राहुल ने कहा कि बिहार में लाखों लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए। जिनके वोट काटे गए, उनमें महागठबंधन के वोटर शामिल थे। वोटर लिस्ट में गलत नाम जोड़े गए हैं।

#### 'वोट चोरी के दम पर चुनाव जीत रहे'

भाजपा पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी के दम पर ही यह चुनाव जीत रहे हैं। मैंने हरियाणा चुनाव के बारे में बताया, यह बिहार में भी ऐसा ही कुछ कर सकते हैं, इसलिए युवाओं को इसे रोकना होगा। भाजपा हर जगह 'वोट चोरी' कर चुनाव जीत रही है, लेकिन हमें किसी भी कीमत पर बिहार में 'वोट चोरी' नहीं होने देनी है। बता दें, भारत में जेन जी की आबादी लगभग 40 करोड़ है और अनुमान के मुताबिक बिहार में सबसे अधिक है।

### 'मोदी जहां भी जाते हैं विपक्ष और जनता का करते अपमान



चंपारण। बिहार के पूर्वी चंपारण में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने रोड शो किया। उसके बाद रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जहां भी जाते हैं, कहते हैं कि पश्चिम बंगाल, केरल और बिहार में विपक्षी नेता और जनता का अपमान कर रहे हैं। हम आपके अधिकारों की, आपके सशक्तिकरण की बात कर रहे हैं। कल राहुल गांधी ने दिखाया कि हरियाणा चुनाव में वोटों की धांधली हुई थी। उन्होंने कहा कि आज उनका अहंकार इतना है कि वे आपके वोटों का अपमान करते हैं। बिहार में 65 लाख वोट काटे गए हैं। मैं गारंटी दे सकती हूँ कि अगर यहां निष्पक्ष चुनाव हुए, तो आप लोग इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे और नई सरकार बनाएंगे।

### खबर संक्षेप

#### जापान में भालुओं का आतंक, आर्मी तैनात

**टोकियो।** जापान के पहाड़ी प्रांत अकिता में भालुओं के आतंक से लोग खौफजदा हैं। हालात बेकाबू हो चले हैं और यही वजह है कि इनसे निपटने के लिए सरकार को सेना भेजनी पड़ी है। स्थानीय अधिकारियों के अनुरोध पर ये कदम उठाया गया है। यह ऑपरेशन अकिता प्रांत के काजुनो शहर में शुरू हुआ, जहां हफ्तों से निवासियों को सलाह दी जा रही है कि वे आसपास के घने जंगलों में जाने से बचें। अंधेरा होने के बाद घर पर रहें और अपने घरों के पास खाने की तलाश में आने वाले भालुओं को डराने के लिए घंटियां साथ रखें। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल से अब तक पूरे जापान में 100 से ज्यादा बार हमले हुए हैं, जिनमें रिकॉर्ड स्तर पर 12 लोगों की मौत हुई है। इनमें से दो-तिहाई अकिता प्रांत और पास के इवाते प्रांत के थे। उप प्रमुख कैबिनेट सचिव केई सातो ने बुधवार (05 नवंबर, 2025) को टोक्यो में एक प्रेस वार्ता में कहा, 'कई इलाकों में भालू आबादी वाले इलाकों में घुस रहे हैं और इनके हमलों से जान माल का नुकसान हो रहा है।'

## सीएम साय बोले- उत्तम हो ओड़िशा, हम सबका संकल्प

मुख्यमंत्री साय ने नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव में चुनावी सभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी जय ढोलकिया के समर्थन में चुनाव प्रचार में कहा, उत्तम ओड़िशा विकसित हो, यह हम सबने संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव आ रहा है, जिसके हम सब साक्षी हैं। श्री साय ने कहा कि ओड़िशा और छत्तीसगढ़ का नाता हमेशा मजबूत रहा है। हमारी संस्कृति एक जैसी है। हम सब पर भगवान जगन्नाथ का भरपूर आशीर्वाद है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, इससे पहले ओड़िशा में बीजेडी की सरकार थी, तब यहां का विकास थम गया था और सबके मन में एक ही प्रश्न था कि यहां के मुख्यमंत्री नवीन बाबू थे या पांडियन? यह बात किसी से छिपी नहीं है। श्री साय ने कहा, मुख्यमंत्री मोहन मांझी के नेतृत्व में ओड़िशा विकास के पथ पर गतिमान है। हम सब एक साथ मिलकर सबके विकास के लिए काम कर रहे हैं। हमेशा भाजपा ने जनजातीय समाज का सम्मान किया है, इसी कारण आज देश की सर्वोच्च पद पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद का दायित्व निर्वहन कर रही हैं और इसी समाज का बेटा होने के नाते मुख्यमंत्री मोहन मांझी व मैं स्वयं आपकी सेवा में कार्यरत हैं। इसके साथ ही मांझी कैबिनेट में 4 जनजाति समाज के विधायकों को शामिल किया गया है। श्री साय ने कहा, नुआपाड़ा के विकास के लिए मांझी सरकार बेहतर कार्य कर रही है अब तक इस जिले को 1101 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। 8 सौ करोड़ रुपए जल परियोजना पर व्यय किए गए हैं।

#### डबल इंजन सरकार का मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, ओड़िशा तथा छत्तीसगढ़, दोनों ही राज्यों में डबल इंजन की सरकार है और हर वर्ग को इसका लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना है और ओड़िशा में सुभद्रा योजना के तहत हर महिला को आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। श्री साय ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ छत्तीसगढ़ और ओड़िशा की सरकार संयुक्त कार्रवाई कर रही है। यही कारण है कि आज हम नक्सलवाद मुक्त होने की दिशा में जुटे है। श्री साय ने कहा कि पूर्व वरिष्ठ विधायक स्व. राजेन्द्र धोलकिया के पुत्र जय धोलकिया को समर्थन देकर उत्तम ओड़िशा के संकल्प को पूरा करना है। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ओड़शिा सह प्रभारी लता उसेंडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बसंत पंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, विधायक पुरंदर मिश्रा, रोहित साहू मौजूद थे।

### साउथ अफ्रीका की मेंबरशिप, ट्रंप बोले नहीं जाऊंगा जी-20 समिट



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे इस महीने साउथ अफ्रीका में होने वाले जी-20 समिट में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने यहां तक सवाल उठाया कि साउथ अफ्रीका को इस ग्रुप में होना भी चाहिए या नहीं। साउथ अफ्रीका ने 1 दिसंबर 2024 को एक साल के लिए जी-20 की अध्यक्षता संभाली थी। अब वो 22 से 23 नवंबर के बीच जोहान्सबर्ग में ये समिट आयोजित करने जा रहा है। ये पहली बार होगा जब जी-20 नेताओं की बैठक अफ्रीकी महाद्वीप पर हो रही है। ट्रंप ने बुधवार को मियामी (फ्लोरिडा) में आयोजित अमेरिका बिजनेस फोरम में कहा कि मैं नहीं जा रहा। हमारा जी-20 मीटिंग साउथ अफ्रीका में है। साउथ अफ्रीका को अब इस ग्रुप में होना ही नहीं चाहिए, क्योंकि वहां जो हालात हैं, वो बहुत खराब हैं। मैंने साफ कह दिया है, मैं नहीं जाऊंगा, मैं वहां जाकर अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं करूंगा।

## यह बहुत ही भयानक! भारत में वोट देने मेरी तस्वीर का हो रहा है इस्तेमाल

### राहुल ने गुरुवार को जिसकी फोटो दिखाई वह ब्राजीलियन मॉडल आई सामने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को वोट चोरी मामले पर अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाई थी, वह सामने आ गई है। इस ब्राजीलियन मॉडल का नाम लेरेसा है। उसका 56 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें लेरिसा पुर्तगाली भाषा में बात करते हुए कहती है- दोस्तों, मैं आपको एक जोक सुनाती हूं। यह बहुत ही भयानक है! भारत में वोट देने के लिए मेरी तस्वीर का इस्तेमाल हो रहा है। मुझे भारतीय बताकर आपस में लड़ रहे हैं। देखो, क्या पागलपन है! मैं तो कभी भारत भी नहीं गई। लेरिसा ने कहा- वह तस्वीर मेरे मॉडलिंग के शुरुआती दिनों की है, जब मैं 18-20 साल की थी। वह एक स्टॉक इमेज प्लेटफॉर्म से खरीदी गई और मेरी इजाजत के बिना इस्तेमाल की गई। अब मैं मॉडल नहीं हूं। वे लोगों को ठगने के लिए मुझे भारतीय बता रहे हैं। भारत की राजनीति से मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

**यह लगाया था राहुल ने आरोप** : बता दें, राहुल ने कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि हरियाणा में 2024 विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोट चोरी हुए। राहुल ने नीली डेनिम जैकेट पहने एक लड़की की फोटो दिखाकर सवाल किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन मॉडल ने में 10 बूथ पर कभी सीमा, स्वीटी तो कभी सरस्वती के नाम पर 22 वोट डाले।

#### फोटोग्राफर ने किया इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट

यह तस्वीर पहली बार 2 मार्च, 2017 को पब्लिश की गई थी। इसे लेने वाले फोटोग्राफर का नाम मैथ्यूस फरेरो है, जो ब्राजील के शहर बेलो होरिजोंटे में रहते हैं। एजेंसी आओस फेटोस ने लेरिसा की तस्वीर लेने वाले फोटोग्राफर मैथ्यूस फरेरो से भी बात की। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के दावे के बाद लाखों सोशल मीडिया यूजर्स उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल्स को सर्च करने लगे। इसके कारण उन्हें अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट करना पड़ा। फोटोग्राफर ने बताया कि कई लोगों ने प्रेजेंटेशन देखकर मैथ्यूस फरेरो को मॉडल का नाम समझ लिया। उन्होंने कहा- लोगों ने सचमुच मेरे सारे अकाउंट हैक कर लिए।

### केंद्र सरकार के रवैये पर भड़के मुख्य न्यायाधीश गवई, मंशा पर उठाए सवाल

# क्या सरकार मेरे रिटायर होने का इंतजार कर रही है?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट 2021 की सुनवाई के दौरान एक बार फिर से केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। सीजेआई गवई ने स्थगन की मांग पर आपत्ति जताई। इससे पहले भी चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने मामले को बड़ी बेंच के पास भेजे जाने के अनुरोध को लेकर केंद्र पर सवाल खड़े किए थे। सीजेआई ने कहा था कि लगता है सरकार मौजूदा बेंच से बचने की कोशिश कर रही है। क्योंकि उनके रिटायर होने में अब कुछ दिन ही बचे हैं। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने मामले में स्थगन की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट एएसजी ऐश्वर्या भाटी की तरफ से यह अनुरोध पेश किया था। इस पर सीजेआई गवई ने पूछा कि क्या सरकार उनके सेवानिवृत्ति का इंतजार कर रही है।

### ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट 2021 की सुनवाई पर जताई नाराजगी



#### पिछली सुनवाई में भी हुआ था नाराज सुको

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उसे अर्जी पर कड़ा रुख अपनाया था जिसमें अधिकरण सुधार अधिनियम 2021 प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को बड़ी पीठ के पास भेजने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतिम सुनवाई के आखिरी चरण में सरकार से ऐसी उम्मीद नहीं थी। सीजेआई गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने इस बात को लेकर नाराजगी जताई कि केंद्र अब इस मामले को पांच जजों की संविधान पीठ के पास भेजना चाहती है। बेंच ने इस मामले में मुख्य याचिकाकर्ता मद्रास बर एसोसिएशन सहित विभिन्न याचिकाकर्ताओं की ओर से अंतिम दलीलें पहले ही सुन ली हैं।

#### आधी रात में आवेदन करते हैं दाखिल

सीजेआई ने का कि हम दो बार पहले ही आपकी बात मान चुके हैं। कितनी बार और? अगर आप यह 24 नवंबर के बाद चाहते हैं, तो हमें बता दें। यह अदालत के साथ अन्याय है। हर बार आप मध्यस्थता के लिए सुविधा मांगते हैं। आपके पास वकीलों की टोली है। आप बड़ी बेंच की मांग को लेकर आधी रात में आवेदन दाखिल करते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब हम हाई कोर्ट में थे, तो हमें जो भी ब्रीफ छोड़ने पड़ते थे, उसके लिए हम यहां आते थे। हमारे मन में सर्वोच्च संवैधानिक न्यायालय के लिए बहुत सम्मान था। हमने कल कोई अन्य मामला नहीं लिया। हमने सोचा था कि हम कल सुनवाई करेंगे और वीकेंड में फैसला लिखेंगे। इसके बाद कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार को शुक्रवार को अपना पक्ष रखने को कहा। दातार इस मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक, मद्रास बार एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### पहली बार भजनलाल और वसुंधरा का एक साथ रोड शो

**जयपुर।** राजस्थान में अंता विधानसभा उप चुनाव में बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन के समर्थन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने मांगरोल (बारां) में रोड शो किया। पार्टी ने इस रोड शो के जरिए संगठन की एकजुटता दिखाई। राजे ने कहा- पिछली सरकार में किए गए वादे अब पूरे हो रहे हैं। बता दें, अंता उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को मतदान होगा और 14 नवंबर को मतगणना होगी। इस उपचुनाव में भाजपा के मोरपाल सुमन, कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया और निर्दलीय नरेश मीणा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि अंता उपचुनाव में भाजपा द्वारा टिकट देने में हुई देरी को लेकर पार्टी के अंदर असंतोष की चर्चाएं थीं।






# सेंधमारी कर 25 मिनट में 25 लाख के मोबाइल पार

**अंबिकापुर।** शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस बार चोरों ने शहर के बीच गुदरी चौक पर स्थित मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सेंधमारी कर दुकान में घुसे चोर आईफोन, सैमसंग और वीवो जैसी कंपनी के मोबाइल फोन चोरी कर ले गए जबकि 30 हजार से नीचे के मोबाइल फोन को चोरों ने दुकान के बाहर ही फेंक दिया दिया है। चोर दुकान व आस पास लगे सीसीटीवी में कैद हुए हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। चोर 25 मिनट के अंदर में लगभग 25 लाख रुपए से अधिक के मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए । फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बौरीपारा निवासी विक्रांत जायसवाल व विवेक जायसवाल द्वारा गोलू मोबाइल के नाम से गुदरी चौक पर ही दुकान का संचालन किया जाता है। व्यवसायी भाई 5 नवंबर की रात अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार की सुबह उनके दुकान में चोरी होने की सूचना स्थानीय लोगों ने दी जिसके बाद संचालक दुकान पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। दुकान के पीछे की दीवार टूटी हुई थी और मोबाइल फोन के डब्बे, मोबाईल फोन बाहर बिखरे पड़े हुए थे। दुकान के अन्दर भी सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस टीम एफएसएल और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच के दौरान चोर सीसीटीवी में कैद हुए है। चोर दुकान के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर भोर से 4.30 बजे दुकान के अंदर घुसे और 4.55 बजे तक चोरी की घटना को अंजाम दिया।

- सस्ते मोबाइल फेंक दिया बाहर, आईफोन समेत महंगे फोन लेकर भागे चोर, मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस




# एफपीपीएएस शुल्क की डबल वसूली से राहत, पर सुरक्षा निधि का झटका

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क में थोड़ी राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी इसका शुल्क ज्यादा होने पर इसको दो माह में बांटकर वसूल रही है, इससे थोड़ी राहत तो है, पर बीते माह का बकाया दूसरे माह में वसूलने से दूसरे माह में डबल झटका भी लग रहा है। अक्टूबर के बिल में डबल वसूली से राहत मिली है, क्योंकि इस माह सुरक्षा निधि की राशि भी उन उपभोक्ताओं से वसूली जा रही जिनकी औसत खपत में इजाफा हो गया है। ऐसे में अक्टूबर के लिए जो 9 फीसदी एफपीपीएएस तय हुआ है, उसकी नसूली अगले माह होगी। बिजली का नया टैरिफ इस बार जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी गई। ऐसे में जब अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई लेकिन अब सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया है। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला गया, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया गया। अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आया, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया, वहीं पुराना सात फीसदी शुल्क एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया गया।

- इस माह का 9 फीसदी एफपीपीएएस अगले माह वसूला जाएगा


## कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर (छ.ग.) - 495001

FAX (0)-07752-237400, PHONE (O)-07752-237400 Email eddress- mscimsbsp@gmail.com

क्रमांक/संसंएवंअधी./सिम्स/25/9030 बिलासपुर, दिनांक 04.11.2025

**// दावा आपत्ति हेतु सूचना //**

सिम्स चिकित्सालय में निम्न मशीनों का वार्षिक रखरखाव सीएमसी किया जाना है जिस हेतु निर्माता कंपनी से प्राक्कलन प्राप्त हुआ है विवरण निम्न है-

| Product Coverd | Product discription | Sys. ID or sr. no. | Service offering | Price |
|---|---|---|---|---|
| CSPL55 | REVOLUTION EVO 3.7 MID BJG | 083021289279520 | DI INDIA-PERFORMANCE 4 PM | 35,50,000.00 |

| Sr. No. | Item description | Purchase Year | Purchase Rate | CMC Year | Qty. | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AS- N Sr. No. 2862392-1 | 2021 | 2,28,15,037.28 | 2nd | 01 | 11,80,000.00 | 11,80,000.00 |

जीएसटी अतिरिक्त शासन के नियमानुसार

उक्त मशीनो के वार्षिक रखरखाव सीएमसी हेतु दावा आपत्ति / प्राक्कलन हेतु निर्माता/अधिकृत एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा स्पीडपोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| दावा आपत्ति एवं प्राक्कलन संबंधी दस्तावेज भेजने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 08.12.2025 समय शाम 4 बजे तक पता- संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सदर बजार, गोंडपारा, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर (छ.ग.) |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर(छ.ग.)

जी. 252604552/2



## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र 969/नपा/लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 03/11/2025

**द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु व्यय राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन सम्मिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 178625 | डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य | 116.46 | 19.11.2025 |

टीप - 1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट Http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क / भवन कार्य हेतु दिनोंक 18.11.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 165 | 178649 | लो.नि.वि.उपसंभाग केशकाल अंतर्गत विभिन्न किमी केशकाल-बांसकोट-माकड़ी-अमरावती मार्ग में विशेष मरम्मत कार्य। | 102.88 लाख |
| 02 | 166 | 178650 | लो.नि.वि.उपसंभाग केशकाल अंतर्गत विभिन्न किमी केशकाल-बांसकोट-माकड़ी-अमरावती मार्ग में विशेष मरम्मत कार्य। | 97.47 लाख |
| 03 | 167 | 178651 | जिला कार्यालय में पुरूष एवं महिला बाथरूम का जीर्णोद्धार का निर्माण कार्य। | 12.59 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य (स.क्र.01 एव 02 के लिए)

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 18.11.2025 है ।

नोट:- प्रथम आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर

G 252604562/5



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, (वि./ यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

नि.आ.सू. दिनांक 31/10/2025 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 25/11/2025 Physical Submission Last Date 01/12/2025

ऑनलाईन निविदा प्रथम आमंत्रण

| क्र. | नि.आ.सू. क्रमांक | ऑनलाईन टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19 | 178633 | Providing Electrical and Air conditioner Maintenance work in Govt. Building at H.Q. Section Bilaspur Distt. Bilaspur (C.G.) | 14.50 |
| 2 | 20 | 178634 | Providing Electrical and Air conditioner Maintenance work in Residential and Non Residential Building at Koni, Ratanpur and Seepat Section Bilaspur Distt. Bilaspur (C.G.) | 13.00 |
| 3 | 21 | 178635 | Providing Electrical and Air conditioner Maintenance work in Residential and Non Residential Building at Masturi, Takhatpur and Kota Section Distt. Bilaspur (C.G.) | 14.00 |
| 4 | 22 | 178640 | Providing Electrical and Air conditioner Maintenance work in Bahatarai Section Distt. Bilaspur (C.G.) | 14.00 |
| 5 | 23 | 178643 | Providing Electrical and Air conditioner Maintenance work in Residential and Non Residential Building at H.Q Section Mungeli Distt. Mungeli (C.G.) | 12.70 |
| 6 | 24 | 178695 | Providing Electrical and Air conditioner Maintenance work in Pathariya Section Distt. Mungeli (C.G.) | 11.00 |
| 7 | 25 | 178697 | Providing Electrical and Air conditioner Maintenance work in Lormi Section Distt. Mungeli | 11.00 |
| 8 | 26 | 178717 | Providing Electrification work in First floor Bar Room, Library, Meeting Hall, Court Room of District Court Building at Janjgir Distt. Janjgir Champa (C.G.) | 11.93 |
| 9 | 27 | 178721 | Providing Electrification, Garden light, UPS, Lighting conductor, Aera lighting, Pump, Air Conditioner, Water Cooler, CCTV, Fire Alarm, LAN Wiring, VC System, Sound System to 1 No. Court Room at Navagarh, Distt. Janjgir Champa (C.G.) | 50.70 |
| 10 | 28 | 178734 | Providing Electrification work for 2 No. Court room (Part-II i.e. Garden light, Area light UPS, lighting conductor, Pump, Air Conditioner, Water Cooler, CCTV Camera system, Fire Alarm System, LAN wiring, sound system) at Champa Block- Bamhnidih Distt- Janjgir Champa (C.G.) | 59.54 |
| 11 | 29 | 178736 | Providing Electrification work in Residential building in block Gaurela and Marwahi Distt. G.P.M. (C.G.) | 13.10 |
| 12 | 30 | 178738 | Supplying, Installation, Testing and Commissioning of Acrylic LED Sign Board in Medical College Raigarh at Distt-Raigarh (C.G.) | 12.75 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. (वि./यां.) मण्डल बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 252604556/5



## कार्यालय अधिष्ठाता स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

Bendrachuwa, Raigarh, Chhattisgarh, ph-07762-220741 E-mail: gmcraigarh.2013@gmail.com

क्रमांक / चिकि.महा./ क्रय/2025-26/11149 रायगढ़ दिनांक 4/11/25

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना**

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय / चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.) के अधीनस्थ विभिन्न विभागों के लिए **Hand Instruments** क्रय के लिए दर अनुबंध (Rate Contract) करने हेतु अधिकृत विक्रेता फर्म/निर्माता कम्पनियों से खुली ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रारंभ तिथि | दिनांक 07/11/2025 समय 10:00 AM से |
| वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 21/11/2025 समय 11:59 AM के पूर्व |
| दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 21/11/2025 समय 03:00 PM के पूर्व |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 21/11/2025 समय 04:00 PM |

टीप: निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के वेबसाइट www.gmcraigarh.edu.in का अवलोकन एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति,
शास. चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

G 252604550/2



## OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE, BILASPUR (C.G.) 495 009

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर (छ. ग.) 495009

Phone: 07752-260289, Email:- principalgecbilaspur@gmail.com

Website:- www.gecbsp.ac.in

क्रमांक / स्था-2/2025/3228 बिलासपुर, दिनांक 03/11/25

**Walk in Interview for Part Time Lecturer**

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर में सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर हेतु माईनिंग इंजीनियरिंग विभाग के लिए अंशकालीन व्याख्याता (प्रति पिरियड रू. 800/- की दर से अधिकतम रू. 56100/- प्रतिमाह) की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीद्वार दिनांक 18.11.2025. को अपने मूल दस्तावेजों एवं एक सेट सत्यापित फोटो कापी सहित विभागाध्यक्ष माइनिंग इंजीनियरिंग कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते है। दस्तावेजो में पैन कार्ड व आधार कार्ड की फोटोप्रति भी संलग्न करें। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हताएं ए.आई.सी.टी.ई. मापदण्डों के अनुसार होगी।

विज्ञापन महाविद्यालय की वेबसाइट www.gecbsp.ac.in पर देखी जा सकती है।

प्राचार्य
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 252604547/1


## परीक्षा केंद्रों में अनिवार्य होगी दीवार घड़ी

**रायपुर।** व्यापम 9 नवंबर को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा को लेकर केंद्राध्यक्ष व परिवहन अधिकारी की बैठक रेडक्रॉस सभाकक्ष, कलेक्ट्रट में रखी गई। केंद्रों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी केंद्रों में दीवार घड़ी लगाने संबंधित निर्देश दिए ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कपड़ों के रंग सहित अन्य नियमों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की गई ताकि किसी तरह का विवाद ना हो। बैठक नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर उपेंद्र किण्डो ने ली। सहायक नोडल अधिकारी केदार पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## यूथ कांग्रेस घेरेगी निर्वाचन आयोग

**रायपुर।** कांग्रेस के वोट चोरी अभियान के अंतर्गत यूथ कांग्रेस आज राजधानी रायपुर में निर्वाचन आयोग कार्यालय का घेराव करेगी। दोपहर 2.30 बजे यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मोतीबाग के समक्ष एकत्रित होकर आयोग की ओर कूच करेंगे। यूथ कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा और निर्वाचन आयोग की साठगांठ से देशभर में वोट चोरी हो रही है।


## MAHATMA GANDHI UDYANIKEE EVAM VANIKEE VISHWAVIDYALAYA, DURG (C.G.)
## K. D. COLLEGE OF HORTICULTURE AND RESEARCH STATION Jagdalpur (C.G.)

No./KDCHRS./Estt/ Acad./G.T./2025-26/1958 Jagdalpur, Date 04/11/2025

**WALK-IN - INTERVIEW**

Interested eligible candidates are invited to appear in Walk-in- Interview for Guest Teacher on the contractual basis in the following discipline (one post in each subject):

| S. No. | Discipline | Date of Interview | Minimum Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Genetics & Plant Breeding | 24/11/2025 10:00 AM onwards | Master degree and NET in concerned subject as prescribed for Asstt. Prof. post by MGUVV, Preference will be given NET/Ph.D in concerned subject. |
| 2 | Entomology | | |
| 3 | Agriculture Economics | | |

Application of the candidates must reach to **Dean, KDCHRS, Jagdalpur (C.G.) latest by 17/11/2025** by Speed or Registered post only and interview will be held as above at same place. No separate interview call will be issued. Application form and details advertisement may be downloaded from **http://www.mguvv.ac.in.**

Dean
K. D. COLLEGE OF HORTICULTURE AND RESEARCH STATION JAGDALPUR (C.G.)

S.- 45808



## छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग धमतरी वनमंडल धमतरी

**काष्ठागार नगरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत नगरी काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार नगरी से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम दिनांक: 12 नवम्बर 2025, नीलाम समय: प्रात: 9.00 बजे से**

| प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) |
| सागौन | - | - | 252.560 | 5857 | 252.560 | 5857 |
| साल | - | - | 187.474 | 107 | 187.474 | 107 |
| साजा | - | - | 81.319 | 217 | 81.319 | 217 |
| बीजा | - | - | 53.855 | - | 53.855 | - |
| तिन्सा | - | - | 8.220 | - | 8.220 | - |
| हल्दू/मुण्डी/खम्हार | - | - | 63.480 | - | 63.480 | - |
| सलई/मोयन | - | - | 0.395 | 87 | 0.395 | 87 |
| धावड़ा | - | - | 39.576 | 145 | 39.576 | 145 |
| कर्रा/ सेन्हा/अन्य | - | - | 43.933 | 1491 | 43.933 | 1491 |
| योग:- | - | - | 730.812 | 7904 | 730.812 | 7904 |
| सागौन जलाऊ चट्टा | - | Chatta | 6.00 | Chatta | 6.00 | Chatta |
| मिक्स जलाऊ चट्टा | - | Chatta | 347.50 | Chatta | 347.50 | Chatta |
| योग:- | - | Chatta | 353.50 | Chatta | 353.50 | Chatta |


नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

टीप:- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है। (4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा। फोन 07722-238371 फैक्स 07722-236137

वनमंडलाधिकारी
धमतरी वनमंडल धमतरी


जी. 252604543/2


## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।


**वृष** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। आत्मसंयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।


**सिंह** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।


**कन्या** — धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।


**तुला** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।


**वृश्चिक** — धन की स्थिति में सुधार आएगा। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।



**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। आलस्य की अधिकता रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।


**मकर** — लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**कुंभ** — कारोबार में सुधार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें।


**मीन** — आय में वृद्धि होगी। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।


## शब्द पहेली - 6040



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -6039 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6050

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6049 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### आर्सेलरमित्तल के शुद्ध लाभ में 31 प्रतिशत वृद्धि

**नई दिल्ली।** इस्पात एवं खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी आर्सेलरमित्तल का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 31.35 प्रतिशत बढ़कर 37.7 करोड़ डॉलर हो गया। कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 28.7 करोड़ डॉलर का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी जनवरी-दिसंबर वित्त वर्ष का अनुसरण करती है।

### नंदिनी घी की कीमत 90 रुपए बढ़कर 700 रुपए प्रति लीटर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक दुग्ध महासंघ (केएमएफ) ने नंदिनी घी की कीमत 90 रुपये प्रति लीटर बढ़ाने की घोषणा की है। अब उपभोक्ताओं को इसके लिए 700 रुपये प्रति लीटर चुकाने होंगे। केएमएफ अधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत के कारण यह निर्णय लिया गया है। वैश्विक स्तर पर भी, मांग के कारण कीमतें बढ़ रही हैं। हमारे घी के दाम सबसे कम दरों में से हैं और वैश्विक बाजार के रुझानों के अनुरूप ढलने एवं आर्थिक व्यवहार्यता बनाए रखने के लिए यह संशोधन आवश्यक है।''

### संकटग्रस्त निसान मोटर्स अपना मुख्यालय बेच रही




**टोक्यो।** जापान की संकटग्रस्त वाहन विनिर्माता कंपनी निसान अपने पुनरुद्धार प्रयासों के तहत योकोहामा स्थित अपने मुख्यालय भवन को 97 अरब येन (63 करोड़ डॉलर) में बेच रही है। निसान मोटर कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि वह इस इमारत को पट्टे पर लेगी और इसे अपने मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल करना जारी रखेगी। तोक्यो स्थित रियल एस्टेट ऑपरेटर एमजेआई गोडो कैशा को बिक्री से 73.9 अरब येन (48 करोड़ डॉलर) का लाभ होगा।

### फिजिक्सवाला का आईपीओ निवेश के लिए 11 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** शिक्षण प्रौद्योगिकी यूनिकॉर्न फिजिक्सवाला ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 103-109 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी छोर पर 31,500 करोड़ रुपये से अधिक का मूल्यांकन हासिल करना है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि उसका 3,480 करोड़ रुपये का आईपीओ 11 नवंबर को अभिदान के लिए खुलेगा और 13 नवंबर का संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 10 नवंबर को बोली लगा पाएंगे। आगामी आईपीओ 3,100 करोड़ रुपये के नए शेयर और 380 करोड़ रुपये तक के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। आईपीओ से हासिल राशि का इस्तेमाल कंपनी के विस्तार और विकास पहलों को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा।

### पीएंडजी का लाभ मामूली घटकर 209 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** प्रॉक्टर एंड गैंबल हाइजीन एंड हेल्थ केयर लिमिटेड का चालू वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ मामूली रूप से घटकर 209.86 करोड़ रुपये रह गया। 2024-25 की जुलाई- सितंबर तिमाही में 211.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। 2025-26 की सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 1.32 प्रतिशत बढ़कर 1,150.17 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,132.73 करोड़ रुपये थी।

# सेबी नहीं देगा आईपीओ वैल्यूएशन में दखल, निवेशकों पर छोड़ा तुहिन ने फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में उच्च मूल्यांकन को लेकर सेबी किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगी।

- बाजार को अवसरों के आधार पर मूल्यांकन तय करने की आजादी हो

उन्होंने स्पष्ट किया कि वैल्यूएशन का निर्धारण बाजार और निवेशकों के आकलन पर निर्भर करता है, न कि नियामक के नियंत्रण पर गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में पांडेय ने कहा- हम मूल्यांकन तय नहीं करते। यह पूरी तरह निवेशक के आकलन पर निर्भर करता है। बाजार को अवसरों के आधार पर स्वतंत्र रूप से मूल्य निर्धारण करने की आजादी होनी चाहिए। यह बयान उस समय आया है जब हाल ही में लेंसकार्ट के 7,200 करोड़ रुपए के आईपीओ के ऊंचे वैल्यूएशन को लेकर बाजार में चिंता जताई गई थी।

## चेयरमैन ने कहा, मूल्यांकन का निर्धारण बाजार व निवेशकों के आकलन पर निर्भर

### पारदर्शिता जरूरी

कार्यक्रम में पांडेय ने कंपनियों से यह भी कहा कि उन्हें पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धताओं के प्रति 'प्रामाणिक और पारदर्शी' रहना चाहिए। उन्होंने कहा- ईएसजी सिर्फ ब्रांडिंग का हिस्सा नहीं होना चाहिए। इसे मापने योग्य परिणामों, स्वतंत्र ऑडिट और वास्तविक बोर्ड निरीक्षण से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि आज के समय में ईएसजी कोई वैकल्पिक विकल्प नहीं है, बल्कि व्यवसाय की स्थिरता के लिए एक आवश्यक घटक है।




### नई चुनौतियों पर सुझाव

*सेबी चेयरमैन ने कंपनियों के निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन से आग्रह किया कि वे निम्नलिखित क्षेत्रों में अपनी क्षमता बढ़ाएं-साइबर जोखिम प्रबंधन, व्यवहार विज्ञान, डेटा नैतिकता और स्थिरता। उन्होंने कहा कि आज के समय में बाजार की जटिलता केवल औपचारिक निरीक्षण से नहीं संभाली जा सकती, बल्कि इसके लिए सूचित और विवेकपूर्ण निर्णय की आवश्यकता है।*

*निवेशक अपने विवेक से निर्णय लेंगे : सेबी का यह स्पष्ट रुख बताता है कि नियामक आईपीओ वैल्यूएशन में दखल नहीं देगा। अब निवेशकों को खुद अपने विवेक से निवेश निर्णय लेने होंगे। साथ ही, नियामक का ध्यान अब कंपनियों के ईएसजी अनुपालन और कॉरपोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने पर रहेगा, ताकि बाजार में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।*

### वैल्यूएशन को लेकर चिंताएं उठी

सेबी प्रमुख ने स्वीकार किया कि पहले भी कई बार वैल्यूएशन से जुड़ी चिंताएं उठाई जा चुकी हैं-खासतौर पर नए युग की डिजिटल कंपनियों जैसे नाइका, पेटीएम के आईपीओ के समय। इन मामलों में भी निवेशकों के बीच यह सवाल उठे थे कि क्या कंपनियों के वैल्यूएशन उनकी वास्तविक कमाई और संभावनाओं के अनुरूप हैं।

## वित्त मंत्री ने कहा, जोखिमों के बारे में जागरूक जरूर करेगी

# सरकार एफएंडओ में खुदरा निवेशकों को शामिल होने से नहीं रोक सकती : सीतारमण

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार खुदरा विक्रेताओं को वायदा एवं विकल्प (एफ एंड ओ) खंड में कारोबार करने से नहीं रोक सकती, लेकिन ऐसे उत्पादों में पैसा लगाने से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूक जरूर करेगी।*

सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय द्वारा निफ्टी और सेंसेक्स में साप्ताहिक डेरिवेटिव अनुबंधों को बंद करने से इनकार करने के कुछ दिनों बाद आया है। वायदा एवं विकल्प खंड (डेरिवेटिव) पर सरकार के रुख के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए, सीतारमण ने कहा कि सरकार 'एफएंडओ कारोबार के दरवाजे बंद करने के लिए नहीं है, लेकिन वह लोगों को डेरिवेटिव में शामिल जोखिमों के बारे में जागरूक कर सकती है।''

### निवेशक शामिल होने से पहले जोखिम को समझे

इस खंड में खुदरा विक्रेताओं को काफी नुकसान की विभिन्न रिपोर्ट के बीच उन्होंने यह बात कही। उन्होंने एसबीआई 'बैंकिंग एंड इकॉनमिक्स' सम्मेलन में कहा, ''साथ ही, निवेशकों की भी जिम्मेदारी है कि वे इसमें शामिल जोखिमों को समझें। सीतारमण ने एफएंडओ खंड में खुदरा विक्रेताओं के कारोबार के मामले से निपटने के लिए सुझाव भी मांगे।




- निफ्टी व सेंसेक्स में अनुबंध बंद करने से भी किया इंकार
- कारोबार के मामले से निपटने के लिए सुझाव भी मांगे
- वर्ष 2024-25 में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ

*सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने उपाय पेश किए थे : भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पिछले साल नवंबर में डेरिवेटिव कारोबार में अत्यधिक सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए उपाय पेश किए थे। वायदा अनुबंध के तहत खरीदार और विक्रेता एक पूर्व निर्धारित भविष्य की तिथि और मूल्य पर लेन-देन करने के लिए सौदा करते हैं और वे उसके लिए बाध्य होते हैं।*

*अनुबंध बेचने का अधिकार होता है पर बाध्यता नहीं*
*विकल्प सौदों के तहत अनुबंध धारक को एक निश्चित अवधि के भीतर एक निर्धारित मूल्य पर परिसंपत्ति खरीदने या बेचने का अधिकार होता हैं, लेकिन बाध्यता नहीं होती। इन वित्तीय साधनों का उपयोग जोखिमों से बचाव, मूल्य पर सट्टा लगाने और विभिन्न बाजारों में मूल्य निर्धारण (आर्बिट्रेज ट्रेडिंग) अंतर के लिए किया जाता है। हालांकि, इनमें महत्वपूर्ण जोखिम भी होते हैं, जिससे भारी नुकसान हो सकता है।*

### देश को वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश को बड़े और वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत है और इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंकों के साथ बातचीत जारी है। सीतारमण ने वित्तीय संस्थानों से उद्योग जगत के लिए कर्ज प्रवाह को बढ़ाने और व्यापक बनाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी और इससे कुल मिलाकर निवेश बढ़ेगा।

### सरकार का मुख्य जोर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर

वित्त मंत्री ने कहा, ''देश को कई बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है...। सरकार इस पर विचार कर रही है और काम शुरू हो चुका है। हम आरबीआई और बैंकों के साथ इस पर चर्चा कर रहे है।'' सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार का मुख्य जोर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर है और पिछले दशक में पूंजीगत व्यय में पांच गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 से व्यापार को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधारों को आगे बढ़ाया है।

### 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाल गया

सीतारमण ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की और पिछले दशक में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी की अगुवाई में वृद्धि पर जोर दे रही है। डेटा (इंटरनेट) की लागत आज कम होकर 10 रुपये प्रति जीबी पर आ गयी है जो 2014 में 300 रुपये प्रति जीबी थी।

# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी एसबीआई की एक और कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- एसबीआई ने फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड में आईपीओ से 6.3 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी
- इस योजना के तहत एसबीआई 3,20,60,000 इक्विटी शेयरों का

आईपीओ मार्केट में देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई की एक और कंपनी एंट्री करने वाली है। दरअसल, एसबीआई ने अपनी एसेट मैनेजमेंट कंपनी- एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एसबीआईएफएमएल) में आईपीओ के माध्यम से 6.3 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत एसबीआई 3,20,60,000 इक्विटी शेयरों का विनिवेश करेगा, जो एसबीआईएफएमएल की कुल इक्विटी पूंजी का 6.3007% है।

इस योजना को केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारी समिति (ईसीसीबी) ने 6 नवंबर, 2025 को हुई बैठक के दौरान मंजूरी दी है। इस ट्रांजेक्शन के लिए आईपीओ फ्रेमवर्क समझौते पर 10 नवंबर को हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और पूरी प्रक्रिया 2026 में किसी समय पूरी होने की उम्मीद है।

### खरीद प्रक्रिया में प्रमोटर समूह नहीं

*एसबीआईएफएमएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 4,230.92 करोड़ रुपए की कमाई की जानकारी दी, जो एसबीआई समूह की कुल आय का लगभग 0.64 प्रतिशत है। एसेट मैनेजमेंट कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 5,108.56 करोड़ रुपए है, जो समूह के कुल भंडार का 1.19 प्रतिशत है। एसबीआई ने स्पष्ट किया कि यह बिक्री व्यवस्था की योजना के दायरे से बाहर है और खरीद प्रक्रिया में कोई प्रमोटर समूह शामिल नहीं है।*

### सूचीबद्ध होने वाली एसबीआई की तीसरी कंपनी होगी

*एसबीआई के चेयरमैन श्रीचल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा कि एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट, एसबीआई कार्ड्स और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के बाद सूचीबद्ध होने वाली एसबीआई की तीसरी सहायक कंपनी होगी। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट के निरंतर मजबूत प्रदर्शन और वर्षों से बाजार नेतृत्व को देखते हुए यह आईपीओ प्रक्रिया शुरू करने का एक उपयुक्त समय माना जा रहा है। श्रीनिवासुलु ने कहा कि यह आईपीओ आम शेयरधारकों के लिए अवसर पैदा करेगा। वहीं, बाजार में भागीदारी को व्यापक बनाएगा और संभावित निवेशकों के व्यापक समूह में उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा।*

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही गिरावट



- सेंसेक्स 148 और निफ्टी 88 अंक कमजोर रहा
- विदेशी पूंजी की लगातार निकासी रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली के बीच बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 148 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 88 अंक नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 148.14 अंक की गिरावट के साथ 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 83,846.35 के उच्चतम और 83,237.65 के निम्नतम स्तर को छुआ। निफ्टी 87.95 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,509.70 अंक पर बंद हुआ। यह मानक सूचकांकों में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में खासी गिरावट आई थी। बुधवार को बाजार 'गुरु नानक जयंती' पर बंद रहे थे। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड में सर्वाधिक 3.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इटर्नल में 2.44 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में 1.67 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस में 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में 1.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके उलट एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,067.01 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध रूप से बिकवाली की थी।

## एलआईसी के लाभ में 32 फीसदी का इजाफा...




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 32 प्रतिशत बढ़कर 10,053 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई- सितंबर तिमाही में 7,621 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बृहस्पतिवार को शेयर को दी जानकारी में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका कुल आय बढ़कर 2,39,614 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान में 2,29,620 करोड़ रुपये थी। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,26,479 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,19,901 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी का कुल व्यय बढ़कर 2,30,160 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,22,366 करोड़ रुपये था।

# सेनको गोल्ड की अक्टूबर में बिक्री 56 प्रतिशत बढ़ी




**मुंबई।** आभूषण खुदरा विक्रेता सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की अक्टूबर में बिक्री दिवाली और धनतेरस में मजबूत खरीदारी के कारण सालाना आधार पर 56 प्रतिशत बढ़कर 1,700 करोड़ रुपये से अधिक रही। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मूल्य के लिहाज से सोने की बिक्री में 60 प्रतिशत और हीरे की बिक्री में 32 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई। अक्टूबर के अंत में सोने की कीमतों के रिकॉर्ड स्तर 1,32,294 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने के बावजूद, कंपनी की बिक्री मात्रा और मूल्य दोनों में बढ़ी। कंपनी की सोने की बिक्री में चार प्रतिशत, हीरों की बिक्री में पांच प्रतिशत और चांदी की बिक्री में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

**शुद्धिपत्र-1**

ई-निविदा संख्या **बीआर-एचक्यू-सीकेपी-25-26-05** का शुद्धिपत्र जो पहले महा प्रबंधक (इंजी) द. पू. रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा प्रकाशित किया गया था। **निविदा बंद होने की तिथि और समय** 24.11.2025 को 11:30 बजे के **बजाय 28.11.2025 को 11:30 बजे पढ़ा जाए।** अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/जानकारी और इस निविदा की स्थिति जानने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं ताकि वे अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा कर सकें। इस कार्य के लिए भौतिक/मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। (PR-807/C)


# एनएचपीसी का लाभ दूसरी तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पनबिजली कंपनी एनएचपीसी का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 1,219.28 करोड़ रुपये हो गया। एनएचपीसी को वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 1,060.34 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दैरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 3,629.98 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,402.09 करोड़ रुपये थी।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/TN-360/25-26/4856 Raipur, Dtd 06/11/2025

**E-TENDER NOTICE NO. TN-360/25-26**

Online bids are invited for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Submission Date & time |
|---|---|---|---|
| 1. | HW-444/25-26 8100047258 (With RLA) | O&M of High Concentration Slurry Disposal ( HCSD) and Dry Fly Ash (DFAH) system of Ash Handling Div.- 4x210 MW, HTPS, KW. | 04.12.2025 Upto 15:00 Hrs |
| 2. | DW-445/25-26 8100047259 (With RLA) | AMC for Complete Electrical Maintenance Work at Coal Handling Plant of 2x250 MW, DSPMTPS, KE. | 02.12.2025 Upto 15:00 Hrs |

For details please visit our website https://cspc.co.in or e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal

EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

SAVE ELECTRICITY



**एसएलआर/एलवीपीएच पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी सूचना**

ई-नीलामी सूचना सं.: लीज-केजीपी-25-21 दिनांक 04.11.2025

राष्ट्रपति, भारत संघ के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा **ट्रेनों में पार्सलों के परिवहन हेतु 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए एसएलआर/एलवीपीएच पट्टे पर प्रदान करने** हेतु ई-नीलामियां आमंत्रित की जाती हैं, जिसे **https://www.ireps.gov.in/** वेबसाइट पर अधिसूचित कर दिया गया है। **श्रेणी:** पार्सल, **सूचीपत्र सं.:** लीज-केजीपी-25-21; **ई-नीलामी की तारीख:** 18.11.2025; **नीलामी शुरू होने का समय:** सुबह 10.30 बजे। **नीलामी बंद होने का समय:** अपराह्न 05.50 बजे। इच्छुक पार्टियां तथा ठेकेदारगण उपरोक्त विवरण पर ध्यान दें तथा ट्रेनों के विवरण तथा ई-नीलामी सूचना से संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लेखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क करें।

(PR-809) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
मुख्य कार्यालय-साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक, कोरबा (छ.ग.)
मु.का. दूरभाष: 221288, 222672, फैक्स: 07759-221929, पो. बॉक्स नं 12 पिन कोड -495677
Website: www.korbamunicipal.in, korba.urbanecg.gov.in,
Email: corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./ 260 / निर्माण (कोरबा जोन)/2025/ कोरबा, दिनांक 3/11/25

**निविदा संशोधन सूचना**

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत मल्टीलेवल पार्किंग भवन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति कार्य हेतु मैन्यूअल निविदा त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से प्रथम निविदा दिनांक 07.10.2025 से 04.11.2025 तक सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की गयी है, जिसे दिनांक 06.11.2025 को प्रात: 11:00 बजे खोला जाना था, किन्तु उक्त कार्य की निविदा में निविदाकारों के द्वारा अतिरिक्त समय की माँग की गयी है। अत: ''रूचि की अभिव्यक्ति'' ऑफर की संशोधित तिथि 11.11.2025 सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। ऑफर सील बंन्द लिफाफे में स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना है एवं खोले जाने की तिथि 13.11.2025 का प्रात: 11:00 बजे किया जाता है।

अधीक्षण अभियन्ता
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पंचायत बिल्हा जिला – बिलासपुर (छ.ग.)**
E-Mail ID-cmobilha@gmail.com Phone 07752-259219

क्र./853/निविदा/लोनिवि/न.पं./2025-26 बिल्हा, दिनांक 6/11/2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

न.पं. बिल्हा में निम्नांकित कार्य हेतु सक्षम ठेकेदारों से ऑनलाईन पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1- BID SUBMISSION START DATE :- 06.11.2025 TIME - 18:00
2- BID DUE DATE :- 28.11.2025 TIME - 17:30
3- BID OPEN DATE :- 02.12.2025 TIME -16:30

| S. N. | S.T. No. | Name of Work | Estimated Cost (In Lacs) | Earnest Money Deposit | Time Allow for Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 178851 | Ward 05 Tubular Pole - Rajput Kirana to Rest House Jagdish Mil Gali, Government Girls Primary School to Rajput Kirana Store | 18.06 | 14000/- | 03 Month |

निविदा भाग लेने वाले ईच्छुक ठेकेदार कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त कर सकते हैं एवं Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बिल्हा



**कार्यालय नगर पंचायत, सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
फोन नम्बर 07834-299041 E-mail ID cmositapur@rediffmail.com

क्रमांक/826/न.प./2024-2025 सीतापुर, दिनांक 04/11/2025

**-:: दुकान द्वितीय नीलामी सूचना ::-**

एतद द्वारा जन साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सीतापुर द्वारा वार्ड क्र. 06 केशला रोड किनारे मीट मार्केट हेतु 15 नग दुकानों का निर्माण किया जा रहा है. जिसकी आम नीलामी दिनांक 13/01/2025 दिन सोमवार को समय दोपहर 02:30 बजे से नगर पंचायत सीतापुर कार्यालय परिसर में आयोजित की गई थी अपरिहार्य कारणो से स्थगित होने से निलामी दिनांक 11/11/2025 दिन मंगलवार को समय 2:30 बजे से कार्यालय नगर पंचायत कार्यालय परिषर में की जावेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रारम्भ होने के 02 घण्टे पूर्व तक अनिवार्य दस्तावेज सहित एवं अमानत राशि के साथ अपना आवेदन कार्यालय के राजस्व शाखा में हस्ते/सीधे जमा कर सकते हैं। दुकानों के नीलामी हेतु विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | आरक्षण विवरण | कुल संख्या | दुकानों क्रमांक | दुकान का क्षेत्रफल | अमानत राशि | मासिक किराया | आवेदक शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | अनुसूचित जन जाति | 07 | B2, B3, B4, B5, B6, B7, B8 | 3.0 x6.0 मी. | 20000.00 | 1000.00 | 500.00 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 01 | B1 | 3.0 x6.0 मी. | 20000.00 | 1000.00 | 500.00 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 02 | A4, A5 | 3.0 x6.0 मी. | 20000.00 | 1000.00 | 500.00 |
| 4 | शिक्षत बेरोजगार | 01 | A3 | 3.0 x6.0 मी. | 20000.00 | 1000.00 | 500.00 |
| 5 | महिलाओं के लिए | 02 | B9, B10 | 3.0 x6.0 मी. | 20000.00 | 1000.00 | 500.00 |
| 6 | सामान्य | 02 | A1, A2 | 3.0 x6.0 मी. | 20000.00 | 1000.00 | 500.00 |

टीप :- नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर पंचायत कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/भट/शिवानी/जांच अधि./2025/1446 दिनांक 04.11.2025

**जांच कार्यवाही सूचना**

शिवानी खदान में कार्यरत श्री हीरालाल आ. धरमपाल, एसडीएल/एलएचडी हेल्पर केटे.-4 एनईआईएस संख्या 22923502 को कम्पनी की प्रमाणित स्थायी आदेशों की धारा 26:09 एवं 26:22 के तहत् आरोप पत्र क्रमांक 413 दिनांक 30.07.2025 जारी किया गया है। आरोपित कर्मचारी को विभागीय जाँच कार्यवाही में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा पंजीकृत डाक के माध्यम से तीन बार उनके वर्तमान पते पर सूचना भेजा गया किन्तु सम्बंधित कर्मचारी के विभागीय जांच कार्यवाही मे सम्मिलित न होने के कारण जांच कार्यवाही पूर्ण नही हो पा रही है। नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के तहत मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उक्त कर्मचारी को जांच कार्यवाही की बैठक में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है ताकि ये अपना बचाव सम्बंधित पक्ष प्रस्तुत कर सके। बैठक दिनांक, समय एवं स्थान सम्बंधित कर्मचारी के नाम के समक्ष दी गयी है। अत: सम्बंधित कर्मचारी को अपने समस्त दस्तावेजों, गवाहों, सहकर्मी (यदि कोई हो तो) को साथ लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। सम्बंधित कर्मचारी द्वारा जांच कार्यवाही की बैठक में उपस्थित होकर अपना पक्ष न रखने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि आरोपित कर्मचारी के पास अपने बचाव में कोई उपयुक्त स्पष्टीकरण नही है या वे जांच कार्यवाही में भाग नहीं लेना चाहते है, तदानुसार प्रबंधन आचार सहिंता नियमावली के तहत एकपक्षीय निर्णय लेते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा।

| नाम एवं पता | पदनाम एवं कर्मी संख्या | आरोप पत्र क्रमांक एवं दिनांक | अंतिम जांच बैठक की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|
| श्री हीरालाल आ. धरमपाल वर्तमान पता- ग्राम- धरतीपारा, पो. व थाना- भटगांव, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) 497235 | एसडीएल/एलएचडी हेल्पर केटे.-4, एनईआईएस- 22923502 | एसईसीएल/भट/कल्याणी/उ.क्षे.प्र./2025/413 दिनांक 30.07.2025 | 17.11.2025, सुबह 11:00 बजे कार्यालय खान प्रबंधक, शिवानी खदान |

SECL/25-26/226

जांच अधिकारी
शिवानी खदान,एसईसीएल, भटगांव क्षेत्र

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### लेकिन इस निर्देश...

अधीनस्थ कार्यालयों, निगमों, मंडल, प्राधिकरणों, स्वशासी संस्थाओं आदि में दिव्यांगजनों के लिए सीधी भर्ती के पदों में 7 प्रतिशत आरक्षण प्रावधान के अनुसार, प्रतिवर्ष उद्भूत होने वाली कुल रिक्तियों के आधार पर, दिव्यांगजनों के लिए बैकलॉग की गणना करते हुए रिक्त पदों की पूर्ति विशेष भर्ती अभियान के माध्यम से तत्काल किया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों के विरूद्ध रिक्त एवं भरे गए पदों की अद्यतन जानकारी, सामान्य प्रशासन विभाग एवं समाज कल्याण विभाग को अनिवार्य रूप से भेजी की जाये।

### बिहार में वोटों...

बक्सर में 55.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शांतिपूर्ण रहा और कई स्थानों पर ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि कुछ मतदान केंद्रों से आंकड़े देर से मिलने के कारण अंतिम प्रतिशत में मामूली इजाफा संभव है। इस सियासी जंग में कुछ खास सीटें रही, जिनमें तेजस्वी यादव की राघोपुर सीट, तेज प्रताप यादव की महुआ और तारापुर सीटें थीं, जहां से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं। लालू प्रसाद यादव की फैमिली, नीतीश कुमार जैसे लोगों ने मतदान कर दिया है। फोकस में रहने वाली दूसरी सीटें अलीनगर थी, जहां से सिंगर मैथिली ठाकुर बीजेपी टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा की लखीसराय, जेडीयू के उम्मीदवार बाहुबली अनंत सिंह की मोकामा सीट, जिन्हें अपने विरोधी दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरजेडी के उम्मीदवार दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब की रघुनाथपुर सीट है। **आयोग की पैनी नजर-** चुनाव आयोग ने वोटिंग को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और बूथों पर निगरानी के लिए कैमरे भी लगाए थे। आयोग ने लाइव वेबकास्टिंग के जरिए सभी बूथों की निगरानी की। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले चरण में तीन करोड़ से ज्यादा मतदाता थे। इनमें 1.98 करोड़ पुरुष, 1.76 करोड़ महिलाएं और थर्ड जेंडर शामिल हैं।

### चुनाव आयोग ने...

द्वारा खोरियारी गांव में भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा के काफिले को घेरने, मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पत्थर और गोबर फेंकने के बाद तत्काल कार्रवाई करें।

### सिन्हा के काफिले...

मामला लखीसराय विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 404 और 405 के पास की है. डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा अपने निर्वाचन क्षेत्र के पोलिंग बूथों पर चल रहे मतदान का जायजा लेने निकले थे। इसी दौरान बूथ नंबर 404 और 405 के करीब आक्रोशित लोगों ने उनका काफिला रोक दिया। आरोप है कि उनके काफिले की गाड़ियों पर गोबर और पत्थर भी फेंके गए. इस दौरान मौके पर अफरातफरी मच गई। विजय कुमार सिन्हा के सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह हालात को काबू किया. इस घटना को लेकर विजय कुमार सिन्हा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बूथ कैप्चर करने की कोशिश हुई है। उन्होंने दावा किया कि मेरे काफिले पर हमला हुआ, गोबर फेंका गया. यह आरजेडी की मानसिकता दिखाता है। समाज के कमजोर वर्ग को वोट देने से रोका जा रहा है।

### सीजीपीएससी मामले...

होने के बाद कोई मामला पाया जाता है तो नौकरी तब प्रभावित हो सकती है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की बेंच ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने सरकार से पूछा कि परीक्षा नियंत्रक को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन गिरफ्तारी के बाद भी जांच अधूरी क्यों है। दरअसल, इसके पहले 37 सलेक्टेड कैंडिडेट्स को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच से नियुक्ति के लिए हरी झंडी मिल गई थी, लेकिन सरकार ने हाईकोर्ट से मिले नियुक्ति आदेश का पालन करने के बजाय फैसले के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की थी। इसी पर डिवीजन बेंच ने आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि, मामले की जांच कब तक पूरी हो जाएगी। सरकार की ओर से कहा गया कि मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इस पर कोई तय तिथि हम नहीं बता सकते। वहीं हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से मिले जवाब के बाद कहा कि सरकार जांच की तिथि बताने में असमर्थ है, तो छात्रों के भविष्य को सीबीआई की जांच के आधार पर लटका के नहीं रखा जा सकता है। डबल बैंच ने इसी के साथ सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा। **60 से अधिक अभ्यर्थियों ने दायर की याचिका-** दरअसल पीएससी भर्ती में विवाद आने के बाद सीबीआई को जांच सौंपी गई। इसके साथ ही सभी उम्मीदवारों की नियुक्ति रोक दी गई। इसका असर उन अभ्यर्थियों पर भी हुआ, जिनका चयन पूरी तरह योग्यता के आधार पर हुआ था। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं की गई है। इस पर भर्ती से वंचित 60 से अधिक अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि योग्यता के बलबूते पर चयन हुआ है, लेकिन नियुक्ति नहीं देना अन्याय और अवैधानिक है। **पूरी परीक्षा प्रक्रिया रद्द क्यों नहीं की जा रही-** सुनवाई के दौरान कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि मामले की जांच सीबीआई कर रही है। जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, ज्वाइनिंग देने उचित नहीं है। राज्य सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्र ओपन कर दिए गए थे। तब डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार से कहा कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया को रद्द करने विचार क्यों नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने 37 चयनित अभ्यर्थी जिनके खिलाफ सीबीआई ने अब तक चार्जशीट दायर नहीं की है, उन सभी को ज्वाइनिंग देने का आदेश राज्य सरकार को दिया है।

### धांधली की शिकायत...

के अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों और नेताओं के रिश्तेदारों के चयन होने के बाद मामला विवादों में आ गया। पूर्व मंत्री और भाजपा के सीनियर नेता ननकीराम कंवर ने भर्ती घोटाले को उजागर करते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। इसमें उन्होंने ऐसे अधिकारी और नेताओं के रिश्तेदारों की सूची सौंपी, जिसमें उनके रिश्तेदारों का चयन कर उन्हें डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी सहित अन्य पद दिए गए। हाईकोर्ट ने भी सुनवाई के दौरान भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाते जांच के आदेश दिए थे।

### अमित को बरी...

गए हैं। जग्गी की चार जून 2003 को हत्या कर दी गई थी, जब अजीत जोगी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने हाईकोर्ट के 2011 के आदेश के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अपील स्वीकार कर ली। कोर्ट के 2011 के आदेश में अमित जोगी को बरी किए जाने के खिलाफ अपील दायर करने में देरी के लिए माफी मांगने वाली उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। पीठ ने कहा कि हालांकि सीबीआई ने 1,373 दिनों की देरी के बाद अर्जी दायर की, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि प्रतिवादी अमित जोगी के खिलाफ आरोप बहुत गंभीर थे। इसमें कहा गया कि हाईकोर्ट को सीबीआई के आवेदन पर विचार करते समय अधिक उदार और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए था तथा याचिका के तथ्यों के आधार पर पड़ताल करनी चाहिए थी। **कोर्ट की ऐसी टिप्पणी भी-** सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, हमारा यह भी कहना है कि हम सीबीआई द्वारा विलंब को लेकर क्षमा के लिए दायर अर्जी में दिए गए स्पष्टीकरण पर कोई सहमति नहीं दे रहे हैं। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऐसे गंभीर आरोपों से जुड़े मामले को केवल तकनीकी आधार पर खारिज न किया जाए।

### इधर, अमित ने...

फैसला साबित करता है कि सत्य और न्याय की अंततः जीत होती है। मैं अपने परिवार, मित्रों और विशेष रूप से मेरी कानूनी टीम का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस लंबी कानूनी लड़ाई में मेरा साथ दिया।

### भारत ने ऑस्ट्रेलिया...

119 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए वाशिंगटन सुंदर ने तीन और अक्षर पटेल व शिवम दुबे को दो-दो सफलताएं मिलीं। वहीं, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

### देश के साथ...

'वंदे मातरम् ऑडियो वीडियो बूथ' एक अभिनव पहलः राज्यभर में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत "वंदे मातरम् ऑडियो-वीडियो बूथ" स्थापित किए जाएंगे। इनमें नागरिक अपनी आवाज़ में वंदे मातरम गाकर उसे पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। पोर्टल पर गीत की मूल धुन और बोल की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। यह पहल लोगों को अपने तरीके से राष्ट्रप्रेम व्यक्त करने का अवसर देगी। और आंदोलन को अधिक व्यक्तिगत और भावनात्मक बनाएगी। **चार चरणों में होगा वर्षभर आयोजन-** प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर 2025, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ), और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 तक चलेगा। इस दौरान राज्य के सभी जिलों, जनपदों, ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। **जिलों में मंत्रीगण और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता-** राज्य के सभी जिलों में मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रत्येक जिले में स्थानीय कलाकारों, छात्रों, सामाजिक संस्थाओं और नागरिक समूहों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह अभियान एक जनआंदोलन का रूप ले सके।

### महिला के पेट...

देवांगन ने महिला की जांच की। उन्हें महिला के पेट में किसी फॉरेन बॉडी के होने की आशंका हुई। इसके बाद उन्होंने महिला को एक्सरे कराने की सलाह दी और उसे डॉ. सुधीर शुक्ला के पास भेजा। कुसुम ने बीते 4 नवंबर को सुधीर एक्सरे में एक्सरे कराया। उसमें पाया गया कि महिला के पेट के निचले हिस्से में एक कैंचीनुमा चीज पड़ी है। लगभग 5 सालों से कैंची वहीं पड़ी रहने से अब महिला के अंदरूनी अंगों में इनफेक्शन फैल रहा है और इससे उसे यह समस्या हो रही है।

### स्कूलों में चेक...

से ही किया जाना था, लेकिन पिछले सत्र में सिलवाए गए गणवेश का बड़ा स्टॉक बचा होने के कारण नए रंग की यूनिफॉर्म पूरे प्रदेश में एक साथ लागू नहीं की जा सकी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में केवल बिलासपुर और सरगुजा संभाग के स्कूलों को नए रंग के गणवेश वितरित किए गए हैं। रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग के स्कूलों में अगले सत्र से नए रंग के परिधान छात्रों को बांटे जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में जनवरी माह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परिधान में बदलाव को लेकर निर्देश दिए थे। इसके बाद योजना तैयार कर क्रमशः बदलाव किया जा रहा है। ना केवल रंग में बदलाव, बल्कि गणवेश की गुणवत्ता में सुधार के भी निर्देश दिए गए हैं।

### सट्टेबाजी केस में...

जैसे अन्य पूर्व क्रिकेटरों, अभिनेता सोनू सूद, उर्वशी रौतेला, मिमी चक्रवर्ती (तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली अभिनेता) से भी पूछताछ की है। कैरेबियाई द्वीप कुराकाओ में पंजीकृत '1एक्सबेट' को पोर्टल द्वारा सट्टेबाजी उद्योग में 18 वर्षों के अनुभव के साथ विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सट्टेबाज बताया गया है।

### मेडिकल की सीटें...

कार्यरत शिक्षक नियमित होने का इंतजार कर रहे हैं। पीएससी से असिस्टेंट प्रोफेसरों की सीधी भर्ती अटकी हुई है और प्रमोशन के लिए डीपीसी की बैठक भी नहीं हुई है। राज्य निर्माण के पहले छत्तीसगढ़ में एकमात्र शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर कार्यरत था। समय के साथ कालेजों की संख्या बढ़ती गई और अभी की स्थिति में 10 मेडिकल कालेज सक्रिय हैं। इन कालेजों में एमबीबीएस की 1305 सीटें हैं। आने वाले साल में तीन और कालेज खुलने के साथ संख्या बढ़कर 13 और यूजी सीट डेढ़ हजार से ज्यादा होने की संभावना है। कालेजों की संख्या बढ़ना भले ही छात्रहित में है मगर कालेजों में पर्याप्त फैकल्टी का अभाव इन पर जीरो ईयर की तलवार लटकाए रखा है। अभी संचालित दसों मेडिकल कालेज चिकित्सा शिक्षकों के अभाव से जूझ रहे हैं। रायपुर से लेकर कांकेर तक किसी भी कालेज में पूरे शिक्षक नहीं है। इसलिए विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कालेज से संबंधित अस्पतालों में पर्याप्त डाक्टरों के अभाव में उपचार व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। जानकार सूत्रों का कहना है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग इन कमियों को दूर करने के लिए विचार तो कर रहा है मगर इसे कार्यरुप में नहीं ला पा रहा है। इन कालेजों में 397 संविदा शिक्षक कार्यरत है जिसमें से कई रिटायरमेंट के नजदीक पहुंच चुके हैं मगर इनका नियमितिकरण नहीं हो पा रहा है। साथ ही असिस्टेंट प्रोफसरों की भर्ती और सीनियर डाक्टरों की पदोन्नति नहीं होने से चिकित्सा शिक्षकों का टोटा बना हुआ है। **आदर्श सेवा नियम लागू करने की मांग-** पूर्व में संविदा चिकित्सा शिक्षकों को स्वशासी समिति के माध्यम से राजपत्र में 1 जुलाई 2019 को प्रकाशित आदर्श सेवा नियम को लागू करने की मांग की जा रही है। इस नियम के तहत संविदा चिकित्सा का नियमितिकरण कर पलायन रोका जा सकता है। नियमित होने से जॉब सिक्योरिटी मिलने से डाक्टर निजी अस्पताल की तरफ आकर्षित नहीं होंगे।

### कारोबारी शिव ने...

इस तरह वह एक बार फिर 'भारत के सबसे बड़े परोपकारी' बन गए हैं। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज की परोपकारी यूनिट रिलायंस फाउंडेशन ने सीएसआर खर्च में सबसे आगे रहकर समाज सेवा में अहम योगदान दिया। व्यक्तिगत दानदाताओं की सूची में भी नादर और उनके परिवार का दबदबा रहा, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से 2,537 करोड़ रुपए दान दिया। शिव नादर फाउंडेशन ने पिछले पांच सालों में शिक्षा के क्षेत्र में 10,122 करोड़ रुपए का योगदान दिया है, जो किसी एक सेक्टर में सबसे ज्यादा है। व्यक्तिगत दानदाताओं की सूची में शिव नादर परिवार 2,537 करोड़ रुपए के योगदान के साथ पहले स्थान पर रहा। उनके बाद इन्फोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि (356 करोड़ रुपए) और उनकी पत्नी रोहिणी नीलेकणि (199 करोड़ रुपए) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। रंजन पाई और उनका परिवार भी करीब 160 करोड़ रुपए के दान के साथ शीर्ष दानदाताओं में शामिल रहे। इस साल की लिस्ट में कुल 191 परोपकारी लोग शामिल हैं, जिन्होंने मिलकर 10,380 करोड़ रुपए का दान दिया। यह तीन साल पहले की तुलना में 85% ज्यादा है। केवल शीर्ष 25 दानदाताओं ने पिछले तीन वर्षों में 50,000 करोड़ रुपए से अधिक का योगदान दिया है, यानी औसतन हर दिन करीब 46 करोड़ रुपए का दान।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** पानी फेक्ट्री में काम करने हेतु छोटा हाथी, पिकअप ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अपने बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 9754246350, 8818885830 (39074)

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेन्ट में कार्य करने हेतु असिस्टेंट कुक, तन्दूर रोटी कारीगर, किचन हेल्पर, सर्विस हेतु लड़के, लड़कियों एवं फ्रेशर लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मुर्ग मसल्लम रेस्टोरेन्ट बिलापुर 7879121999 (39077)

**आवश्यकता है-** एक दम्पति (पति- पत्नी) घर की साफ सफाई, गार्डन की देखरेख, चौकीदार कार्य के लिये चाहिये। परिवार सहित आवास सुविधा उपलब्ध। सम्पर्क करें- प्रीमियर एजेन्सीज मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (39078)

**आवश्यकता है-** उमा एजेन्सी में कार्य करने हेतु अनुभवी सप्लायर की आवश्यकता है वेतन 9000 से 12000 सम्पर्क करें- उमा एजेन्सी, जेबीएस स्कूल के सामने बिलासपुर देवरीखुर्द 9644436669 (39061)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर के बहू प्रतिष्ठित संस्थानों में भारी मात्रा में सुरक्षागार्ड एवं पशु चिकित्सालय में काम करने, पशुओं की देखभाल करने हेतु 30 कर्मचारी की आवश्यकता है। पीएफ ईएसआईसी इत्यादि। सम्पर्क करें- रिलायबल सर्विसेज जी18 ग्राउण्ड फ्लोर, अम्बे प्लाजा हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर 981614171, 9202580757, 9522250437 (39073)

**आवश्यकता है-** टेलरिंग शॉप में साफ सफाई हेतु एक एवं टेलरिंग कार्य हेतु एक लड़का चाहिए संपर्क करें टेलर्स एम. प्रमोद रिवर व्यू रोड आर्य समाज मंदिर के पास गोड़पारा बिलासपुर 9303471448 (39076)

**आवश्यकता है-** दवाई दुकान में काम करने हेतु लड़कियों एवं लड़कों की आवश्यकता है (कार्य पिकर, चेकर, लोकल डिलीवरी, पैकर) सम्पर्क करें- जगत फार्मा, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर (39081)

**आवश्यकता है-** सिविल साइट सुपरवाइजर, इंजीनियर (autocad, structural knowledge साइट चलाने योग्य) एवं ऑफिस, साइड वर्क, रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण नगर निगम संबंधी कार्य हेतु अनुभवी मैनेजर चाहिए सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (38934)

**आवश्यकता है-** अनुभवी साइट सुपरवाइजर, साइट इंजीनियर एवं साइट इंचार्ज की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार, बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- 8839455596 (39070)

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनख्वाह 13000 रूपए सम्पर्क करें- 9754293974 (39068)

**आवश्यकता है-** खमरिया काठाकोनी में बगीचे की देखरेख करने के लिए अनुभवी माली की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8754507712, 7987309303 (39046)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में टेलीकॉलर काम के लिए लड़को की जरूरत है केवल अविवाहित 18 से 28 वर्ष आयु वाले ,ऑल इंडिया प्लेसमेंट शुरुआती वेतन 12000 रहने के लिए कमरा दिया जाएगा 7310671995, 6387630593 (522)

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में माल निकालने जमाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन 8000 सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7430000011 (39065)

**आवश्यकता है-** सेल्समैन ,सेल्सगर्ल, रिसेप्शनिस्ट, कैशियर, सोशल मीडिया के कार्य हेतु लड़का या लड़की जिनको कम से कम 5वर्ष कार्य का अनुभव हो अपने बायोडाटा सहित मिलें- शिखा सिल्क बिलासपुर 9981531694 समय प्रातः 10:30 से दोपहर 12बजे तक (39060)

**आवश्यकता है-** एलआईसी में केवल महिलाओं के लिये पार्ट टाइम/ फुल टाइम बीमा सखी की भर्ती योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, 7000 प्रतिमाह छात्रवृत्ति, असीमित कमीशन आय सम्पर्क- आशीष अग्रवाल (विकास अधिकारी) 98939 61300 (39059)

**आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षागार्ड वेतन 13000, सुपरवाइजर 16000, फील्ड ऑफिसर 15000, कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यता अनुसार (आवास फ्री) सम्पर्क करें-Alert Sgs Private Limited, FF-6 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 77470 00019, 7747000016, 7746000016 (348)

**आवश्यकता है-** ट्रेक्टर ट्राली कारखाना में वेल्डर, हेल्पर एवं ट्राली बनाने वाले ठेकेदार की आवश्यकता है सम्पर्क करें-98276 83510 (39054)

**आवश्यकता है-** वॉशिंग बॉय -3 पद, हेल्पर- 3 पद, मैकेनिक- 2 पद की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- लोकेश ऑटो तिफरा बिलासपुर 9303555032 (39062)

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में सेल्समेन (लोकल, टूर) कम्प्यूटर ऑपरेटर, पेमेन्ट कलेक्शन, आर्डर लेने, पैकिंग कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- सिटी केमिस्ट मेडिकल काम्प्लेक्स बिलासपुर (39047)

**आवश्यकता है-** शादी कार्ड शोरूम में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों एवं स्क्रीन प्रिन्टिंग हेतु प्रिन्टर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- उपहार कार्ड कलेक्शन भाजपा कार्यालय के आगे करबला रोड बिलासपुर (39055)

**आवश्यकता है-** सर्वमंगला एजेंसी महाराणा प्रताप चौक में मर्चेन्टायजर, सुपरवाइजर एवं पान दुकान में सामान विक्रय हेतु लड़कों की आवश्यकता है तत्काल संपर्क करें 97523 94144, 9827976705 (39057)

**आवश्यकता है-** OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियों की। योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000 रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 88188 77406, 9644433021 (39071)

**आवश्यकता है-** दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मुरारका एजेन्सी काली मन्दिर के सामने तेलीपारा बिलासपुर (39064)

**आवश्यकता है-** डिजाइनर (फ्लेक्स शॉप के लिये) एवं कम्प्यूटर आपरेटर (फोटोकॉपी शॉप के लिए) लड़के की आवश्यकता है हिन्दी टाइपिंग अनिवार्य है संपर्क करें गगन फ्लैक्स 27 खोली चौक बिलासपुर (39056)

**आवश्यकता है-** BAMS ड्यूटी डॉक्टर- 1, BSc नर्सिंग- 2, GNM/ ANM- 2, लैब टेक्नीशियन-2 वेतन योग्यता अनुभव अनुसार पता- माँ अम्बे नसिंग होम एवं नेत्रालय, अम्बेडकर चौक के पास अकलतरा 9691636865 (39045)

**आवश्यकता है-** बिजी साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवती एवं माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य के लिए मेहनती लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस तेलीपारा बिलासपुर (39022)

**आवश्यकता है-** दुकान में साफ सफाई कार्य हेतु युवक ऑफिस कार्य हेतु स्नातक युवक एवं कोरल में कार्य हेतु डिजाइनर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से 2 बजे तक 8319819011 (39052)

**आवश्यकता है-** हॉस्टल में साफ सफाई हेतु पुरुष कर्मचारी एवं छोटे बच्चे की देखभाल हेतु महिला सहायक चाहिए सम्पर्क करें- पी.पुरी, मित्र विहार, नारायण प्लाजा के पास, लिंक रोड बिलासपुर 9340969592 7828803577 (39050)

**आवश्यकता है-** दो मिस्त्री सादा खाना बनाने वाले अनुभवी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- राज होटल दयाल बंद बिलासपुर (39051)

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य करने हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध बायोडाटा सहित सम्पर्क करें-पाटलिपुत्र कॉलोनी लोयला स्कूल के बाजू में वसंत विहार चौक बिलासपुर 7974770055, 88899 97826 (38966)

**आवश्यकता है-** टेली कॉलिंग हेतु युवतियों व महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 8वीं, 10वीं से ग्रेजुएशन वेतन- 5000+ कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें- गुरु नानक चौक तोरवा बिलासपुर 8224811325 (351)

**आवश्यकता है-** वाहन चालक की आवश्यकता– LED वाहन (पिकअप ट्रक) हमारी कंपनी को अनुभवी चालक की आवश्यकता है जो LED डिस्प्ले पिकअप ट्रक चलाने में सक्षम हो। उम्मीदवार के पास वैध लाइसेंस और कम से कम 2 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। ड्राइविंग स्किल्स के अलावा, LED सिस्टम की बेसिक जानकारी वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिम्मेदारियाँ: वाहन संचालन, रखरखाव, एवं डिस्प्ले सेटअप में सहायता। संपर्कः- 7970010958, बिलासपुर (354)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु गर्ल्स एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 6,000 से 12,000 कमीशन +बोनस जॉब टाइम 10 से 5:30 पता मैग्नेटो मॉल के पास, विद्यानगर कॉल 92434 94920, 9109753599 (355)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य कम्प्यूटर के लिए (महिला/ युवती) आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 12000 से 15000 तक सम्पर्क करें- 8817395214 (38799)

**आवश्यकता है-** जिले अनुसार 875 लड़के लड़कियों की आवश्यकता है पढ़ाई 8वीं से ग्रेजुएशन ड्राइवर माली गार्ड सफाई कर्मचारी रहने खाने की सुविधा सैलरी 26500 से 58500 इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड मार्क शीट पासपोर्ट साइज फोटो व्हाट्सएप करें 7054311719 (1211)

**आवश्यकता है-** गर्ल्स हॉस्टल वार्डन एवं बॉयज हॉस्टल वार्डन की आवश्यकता है वेतन अनुभव एवं योग्यता अनुसार। उचित सर्टिफिकेट्स एवं डाक्यूमेंट्स के साथ सम्पर्क करे सीपीएस,टाटीबंध, रायपुर, मो. 9752148000, 91091 66622,7869190431 (4842)

## बेचना

**बेचना है-** अशोक नगर परिवार कालोनी में 20×59= 1180 वर्गफुट पश्चिम मुखी डायवर्टेड एवं सकरी ग्लोबल सिटी में 1000 वर्गफुट के दो डायवर्टेड प्लाट 25×40, 25×40 बेचना है। सम्पर्क करें- 70005 89595, 8103693750 (39072)

**बेचना है-** बिलासपुर सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट प्लाट और व्यापार विहार में एक कमर्शियल प्लॉट साईज 375 वर्गफीट कीमत 16000 रूपए प्रति वर्गफुट में बेचना है संपर्क 9630083740, 97706 76030 (39066)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**बेचना है-** बिलासपुर में खमतराई अशोक नगर प्रत्यक्षा विहार में डबल रोड से लगा डायवर्टेड प्लाट 2200 वर्गफीट 65 का फ्रंट है बेचना है संपर्क करें भूमि स्वामी 95898 48485, 9300482613 (39067)

**बेचना है-** रामा लाईफ सिटी सकरी बिलासपुर में प्लाट 1763, कंस्ट्रकशन ग्राउंड फ्लोर 1000, फर्स्ट फ्लोर 766 कुल बिल्टअप 1766. कार पार्किंग, आंगन, गार्डन सहित मकान बेचना है। सम्पर्क करें- 8452911557 (39069)

**बेचना है-** विकसित T&C अप्रूव्ड आवासीय कालोनी आर. के. रेसीडेन्सी तिफरा में दो स्वतंत्र मकान बेचना है कीमत 2BHK 45 लाख एवं 3BHK 80 लाख सम्पर्क करें- 93009 89627 (39017)

**बेचना है-** बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2 BHK स्वतंत्र मकान बेचना है (फाइनेंस सुविधा उपलब्ध) संपर्क करें मोबाइल नंबरः- 6265041277, 84619 97770 (353)

## व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें- APS इंटरप्राइजेस रायपुर- 91117 60925, 9977676447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर- 8827848099 (302)

## किराया

**किराया-** खमतराई रोड बिलासपुर रामा ग्रीन सिटी के आगे, गोल्डन पेटल्स में 2BHK मकान किराए पर उपलब्ध है। किराया 8000/- प्रतिमाह अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें- 9425546633, 7489163282 (39048)

## फाइनेंस

**फाइनेंस-** राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस मार्कशीट आधारकार्ड प्रॉपर्टी कृषि होम लोन 1% सालाना ब्याज, 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट धोखेबाजों से सावधान हेड ऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्प लाइन नंबर- 9350674841, 7494964768 (349)

सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

06- NOV- K&C- MAIN- Pg- 11 KHEL_Layout 1 11/7/2025 12:20 AM Page 1



# विमेंस प्रीमियर लीग 2026: सभी टीमों ने जारी की रिटेंशन सूची, इन खिलाड़ियों को किया गया रिटेन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग के आगामी संस्करण के लिए सभी टीमों ने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। गत विजेता मुंबई इंडियंस ने कप्तान हरमप्रीत कौर समेत अपने प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। इसी क्रम में सभी टीमों ने अपने-अपने जरूरत के हिसाब से खिलाड़ियों पर दांव लगाया और बाकी खिलाड़ियों को रिलीज किया है। नीलामी 27 नवंबर को दिल्ली में होने की संभावना है। ऐसे में आइए टीमों द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों पर एक नजर डाल लेते हैं।

### टीमों ने इन खिलाड़ियों को किया रिटेन

दिल्ली कैपिटल्सः एनेबेल सदरलैंड, मारिजैन कप्प, जेमिमा रोड्रिगेज, शफाली वर्मा और निकी प्रसाद। मुंबई इंडियंसः हरमनप्रीत कौर, नैट साइवर-ब्रंट, अमनजोत कौर, जी कमिलिनी और हेली मैथ्यूज। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, ॠचा घोष और श्रेयंका पाटिल। गुजरात जायंट्सः एश्ले गार्डनर और बेथ मूनी। यूपी वॉरियर्सः श्वेता सहरावत। यूपी की टीम ने सिर्फ 1 और गुजरात ने सिर्फ 2 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। डीसी की टीम और एमआई की टीम ने 5-5 खिलाड़ियों को रिटेन किया है।



### रिटेन किए गए खिलाड़ियों को मिलेंगे इतने पैसे

प्रीमियर लीग की नीलामी के लिए प्रत्येक फ्रेंचाइजी को 15 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। बोर्ड ने रिटेंशन नियमों के साथ खिलाड़ियों की श्रेणीवार कीमतें भी तय की हैं। रिटेन किए गए खिलाड़ी 1 के लिए 3.5 करोड़, खिलाड़ी 2 के लिए 2.5 करोड़, खिलाड़ी 3 के लिए 1.75 करोड़, खिलाड़ी 4 के लिए 1 करोड़ और खिलाड़ी 5 के लिए 50 लाख रुपये।

### अन्य टीमों के पास बचे इतने पैसे

यूपी वॉरियर्स ने श्वेता को बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन किया है, जिसके चलते उनके पास सबसे बड़ा 14.5 करोड़ रुपये का पर्स और 4 आरटीएम कार्ड होंगे। गुजरात जायंट्स के पास केवल भारतीय खिलाड़ियों के लिए 3 आरटीएम कार्ड और 9 करोड़ रुपये का पर्स रहेगा। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास एक आरटीएम कार्ड और 6.25 करोड़ रुपये शेष रहेंगे।

### इन बड़े खिलाड़ियों को टीमों ने किया रिलीज

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली और मेग लैनिंग के साथ न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया कर को उनकी टीमों ने रिलीज कर दिया है। ये सभी खिलाड़ी नीलामी पूल में शामिल होंगी। बड़े नामों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की दीप्ति शर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार जीता था। दीप्ति ने 2025 संस्करण में हीली की गैरमौजूदगी में यूपी वॉरियर्स की कप्तानी भी की थी।

### डीसी और एमआई के पर्स में बचे इतने पैसे

पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने वाली टीम के पास 9.25 करोड़ रुपये बचे हैं। 4 खिलाड़ियों के रिटेंशन पर 8.75 करोड़, 3 पर 7.75 करोड़, 2 पर 6 करोड़ और 1 खिलाड़ी पर 3.5 करोड़ रुपये की कटौती होगी। इस तरह, डीसी और एमआई के पास अपनी टीम बनाने के लिए 5.75-5.75 करोड़ रुपये बचेंगे। दोनों टीमों के पास राइट टू मैच कार्ड उपलब्ध नहीं होंगे और उन्हें 16 से 18 खिलाड़ियों का दल तैयार होगा।

### मलोलन रंगराजन को आरसीबी ने बनाया अपना मुख्य कोच

**नई दिल्ली।** मलोलन रंगराजन को आगामी विमेंस प्रीमियर लीग संस्करण के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वे ल्यूक विलियम्स की जगह लेंगे, जो 2024 से इस पद पर थे। इस संस्करण की शुरुआत जनवरी 2026 में होनी है, जबकि उसी समय विलियम्स बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। ऐसे में आइए पूरी खबर पर नजर डालते हैं।



**कौन है रंगराजन ?**

रंगराजन तमिलनाडू क्रिकेट टीम के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते थे। वह पिछले छह सालों से आरसीबी की फ्रेंचाइजी से जुड़े हुए हैं और इस दौरान उन्होंने कई अहम भूमिकाएं निभाई हैं। पिछले 2 वर्षों से वे महिला टीम के सहायक कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अपने अनुभव और रणनीतिक समझ के दम पर उन्होंने टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके चलते अब उन्हें मुख्य कोच का पद सौंपा गया है।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया


**ईडन पार्क।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 3 रन से हराते हुए सीरीज में फिलहाल 1-1 से बराबरी हासिल की। ईडन पार्क में कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मार्क चैपमैन के अर्धशतक (78) की मदद से 207/5 का स्कोर बनाया। जवाब में कैरेबियाई टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 204/8 का स्कोर ही बना सकी।
इस तरह से रोमांचक रहा मुकाबला न्यूजीलैंड से डेवोन कॉनवे (16) और रचिन रविंद्र (11) जल्दी आउट हुए। इसके बाद टिम रॉबिन्सन (39) और चैपमैन (78) ने तेजी से बल्लेबाजी की। आखिरी ओवरों में डेरिल मिचेल (28*) और मिचेल सैंटनर (18*) ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। जवाब में ब्रैंडन किंग शून्य पर आउट हुए। वहीं, एलिक एथानेज (33) और शाई होप (24) बड़ी पारी नहीं खेल सके। इनके बाद रोवमैन पॉवेल (45) और रोमारियो (34) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।

### कमिंस की निगाह दूसरे एशेज टेस्ट में वापसी पर



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दूसरे एशेज टेस्ट के लिए वापसी करने की राह पर हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि मैचों के बीच कम अंतराल को देखते हुए वह इंग्लैंड के खिलाफ सभी अंतिम चारों मैच में नहीं खेल पाएंगे। कमिंस पीठ की चोट के कारण 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि वह पहले टेस्ट तक पूरी ताकत से गेंदबाजी करने लगेंगे। दूसरा टेस्ट मैच चार दिसंबर से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा और उससे पहले ही उनकी वापसी पर फैसला होगा। कमिंस ने गुरुवार को क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा मैं वास्तव में अच्छी तरह से तैयार हो रहा हूं और पहले टेस्ट मैच के दौरान मुझे सही तरह से पता चल जाएगा कि मैं किस स्थिति में हूं।

### स्वियातेक को हराकर अनिसिमोवा अंतिम-4 में



**रियाद।** अमांडा अनिसिमोवा ने पहला सेट टाइब्रेकर में गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इगा स्वियातेक को 6-7 (3), 6-4, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। अमेरिका की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने विंबलडन के फाइनल में पोलैंड की खिलाड़ी से 6-0, 6-0 से हारने के बाद स्वियातेक पर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

## आखिरी ओवरों में अक्षर ने बनाए 21 रन, बने प्लेयर ऑफ द मैच

# भारत ने चौथे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराया, सीरीज में बनाई 2-1 से बढ़त

एजेंसी ▶▶| कैरारा गोल्ड कोस्ट

भारतीय क्रिकेट टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 48 रन से हरा दिया। इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज में टीम ने 2-1 से बढ़त ले ली है। सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 167/8 का स्कोर बनाया था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 119 रन ही बना पाई। ऐसे में आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

### मैच का लेखा-जोखा

मुकाबले में कंगारू टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम के लिए शुभमन गिल ने सबसे बड़ी 46 रनों की पारी खेली। उन्होंने 39 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए। आखिरी ओवरों में अक्षर पटेल ने तेज 21 रन बनाए। नाथन एलिस और एडम जैम्पा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के लिए कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाया। अक्षर, वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे ने 2-2 विकेट लिए।



### एलिस ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में पूरे किए 50 विकेट

एलिस ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 50 विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने अपना पहला मुकाबला साल 2021 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। इस खिलाड़ी ने अब तक 31 मुकाबले खेले हैं और इसकी 31 पारियों में 17.48 की उम्दा औसत से 50 विकेट लिए हैं। उन्होंने 1 बार 4 विकेट हॉल भी लिया है और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/28 का रहा है। उन्होंने अपने करियर में सबसे ज्यादा विकेट (16) भारत के खिलाफ ही लिए हैं।

### जैम्पा ने हारिस रऊफ को छोड़ा पीछे

जैम्पा के टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 134 विकेट हो गए हैं। उन्होंने 107 मुकाबलों की 105 पारियों में ये विकेट लिए हैं। वह इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में 8वें स्थान पर हैं। इस खिलाड़ी ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हारिस रऊफ को पीछे छोड़ा है। रऊफ ने 94 मुकाबले खेले हैं और 21.10 की औसत से 133 विकेट अपने नाम किए हैं। इस सूची में 182 विकेट के साथ पहले स्थान पर राशिद खान हैं।

### अक्षर ने किया शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन

अक्षर ने मैच में शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन किया। पहले उन्होंने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ 11 गेंदों में 21 रन बनाए। उनके बल्ले से 1 चौका और 1 छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 190.91 की रही। इसके बाद गेंदबाजी में भी अक्षर छा गए। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में सिर्फ 20 रन खर्च किए और 2 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उनकी इकॉनमी 5 की रही। अक्षर ने मैथ्यू शॉर्ट (25) और जोश इंग्लिश (12) को अपना शिकार बनाया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का डेविड बो जंपा | 28 | 21 | 3 | 1 |
| शुभमन गिल बो एलिस | 46 | 39 | 4 | 1 |
| शिवम दुबे बो एलिस | 22 | 18 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव का डेविड बो बार्टलेट | 20 | 10 | 0 | 2 |
| तिलक वर्मा का इंग्लिस बो जंपा | 05 | 06 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा पगबाधा बो जंपा | 03 | 04 | 0 | 0 |
| वाशिंगटन का कुनहेमन बो एलिस | 12 | 07 | 2 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 21 | 11 | 1 | 1 |
| अर्शदीप का फिलिप बो स्टोइनिस | 00 | 03 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 09 कुल: 20 ओवर में 167/8 रन
**गेंदबाजी:** इवारशुइस 4-0-31-0, बार्टलेट 4-0-26-1 एलिस 4-0-21-3, स्टोइनिस 4-0-41-1, जंपा 4-0-45-3

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श का अर्शदीप बो दुबे | 30 | | | |
| मैथ्यू शॉर्ट पगबाधा बो अक्षर | 25 | | | |
| जोश इंग्लिस बो अक्षर | 12 | | | |
| टिम डेविड का सूर्यकुमार बो दुबे | 14 | | | |
| जोश फिलिप का चक्रवर्ती बो अर्शदीप | 10 | | | |
| मार्कस पगबाधा बो वाशिंगटन | 17 | | | |
| ग्लेन मैक्सवेल बो चक्रवर्ती | 02 | | | |
| बेन इवारशुइस बो बुमराह | 05 | | | |
| जेवियर बार्टलेट का एवं बो वाशिंगटन | 00 | | | |
| नाथन एलिस नाबाद | 02 | | | |
| एडम जंपा का गिल बो वाशिंगटन | 00 | | | |

अतिरिक्त: 02, कुल: 18.2 ओवर में 119/10 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 3-0-22-1, बुमराह 4-0-27-1, चक्रवर्ती 4-0-26-1, अक्षर 4-0-20-2, दुबे 2-0-20-2, वाशिंगटन 1.2-0-3-3

## चैंपियंस लीग

# इंटर मिलान का विजय अभियान जारी, बार्सिलोना ने ड्रॉ खेला



एजेंसी ▶▶| मिलान

इंटर मिलान ने कजाकिस्तान के क्लब कैराट को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा लेकिन बार्सिलोना को क्लब ब्रुग ने ड्रॉ पर रोक दिया जबकि एर्लिंग हालैंड ने गोल करने का क्रम जारी रखा जिससे मैनचेस्टर सिटी ने बोरूसिया डॉर्टमुंड पर 4-1 से जीत हासिल की।
पिछले वर्ष की उपविजेता इंटर के लिए लुटारो मार्टिनेज और कार्लोस ऑगस्टो ने प्रत्येक हाफ में एक गोल किया, जिससे वह इस प्रतियोगिता में बायर्न म्यूनिख और आर्सेनल के साथ चार मैचों में चार जीत हासिल करने वाली तीसरी टीम बन गई है।

### आत्मघाती गोल से स्कोर हुआ बराबर

बार्सिलोना ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ रहे मैच में तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी की। बेल्जियम में खेले गए इस मैच में बार्सिलोना को वापसी दिलाने में लामिन यामल का अहम योगदान रहा। उन्होंने 61वें मिनट में गोल किया और 77वें मिनट में उनके ही शॉट पर क्लब ब्रुग के मिडफील्डर क्रिस्टोस त्जोलिस ने आत्मघाती गोल कर दिया जिससे स्कोर 3-3 हो गया।

### बेनफिका को घरेलू मैदान में ही मिली हार

इस बीच बेनफिका को घरेलू मैदान पर बायर लीवरकुसेन से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जो लीग चरण में उसकी लगातार चौथी हार है। अजाक्स को भी घरेलू मैदान पर नौवें स्थान पर काबिज गैलाटसराय से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। विक्टर ओसिमेन ने अपनी हैट्रिक में दो पेनल्टी को गोल में बदलकर प्रतियोगिता में सर्वाधिक छह गोल कर लिए हैं। इस तरह से उन्होंने हालैंड, हैरी केन और काइलियन एम्बाप्पे को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम पांच-पांच गोल हैं।

## टी-20 विश्व कप 2026

# अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा फाइनल मुकाबला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल की मेजबानी के लिए चयनित किया गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल जल्द ही टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर सकती है।
रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में फैसला लिया गया कि इस बार विश्व कप 2023 की तुलना में कम शहरों में मैच खेले जाएंगे। हर जगह कम से कम 6 मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 2026 की शुरुआत में होने की संभावना है और बीसीसीआई ने शेड्यूल आईसीसी को भेजा है। गौरतलब है कि भारत और श्रीलंका मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले हैं।

### इन स्टेडियम में होंगे मैच

बीसीसीआई ने टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को संभावित स्थलों के रूप में चयनित किया है। जानकारी के मुताबिक, श्रीलंका में भी 3 स्टेडियमों पर मैच खेले जाएंगे, हालांकि उनके नामों पर अभी स्पष्टता नहीं है। वहीं, बेंगलुरु और लखनऊ को मेजबान शहरों में शामिल किया जाएगा या नहीं इस पर भी फिलहाल कोई फैसला नहीं हुआ है। भारत और श्रीलंका मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले हैं।

### ये टीमें होंगे शामिल

विश्व कप में हिस्सा लेने वाली सभी 20 टीमें निर्धारित हो गई हैं। मेजबान भारत,श्रीलंका के अलावा, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान, नेपाल, ओमान, यूएई, इटली, नीदरलैंड, नामीबिया, अमेरिका, कनाडा और आयरलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। कनाडा, इटली,नीदरलैंड ने क्वालीफायर के जरिए अपनी जगह पक्की की है।

### भारत-पाकिस्तान के मुकाबले कोलंबो में होंगे

बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच पहले से हुए समझौते के अनुसार कोलंबो में खेला जाएगा। इसके तहत दोनों टीमें अपने लीग मैच किसी तीसरे देश में खेलेंगी। बीसीसीआई और पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह तय किया था कि अब वे एक-दूसरे के देशों की यात्रा नहीं करेंगे और तटस्थ मैदानों पर खेलेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 2026 की शुरुआत में होने की संभावना है और बीसीसीआई ने शेड्यूल आईसीसी को भेजा है।

# राष्ट्रपति मुर्मू को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने हस्ताक्षर वाली जर्सी की भेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम से मुलाकात की जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उन्हें सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टीम जर्सी भेंट की।
भारत ने रविवार को नवी मुंबई में 50 ओवर के विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर महिला क्रिकेट में अपना पहला वैश्विक खिताब जीतकर इतिहास रचा।



### युवा पीढ़ी के लिए एक आदर्श बनी टीम इंडिया : राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति मुर्मू ने टीम को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों ने सिर्फ इतिहास ही नहीं रचा है बल्कि वे युवा पीढ़ी के लिए आदर्श भी बन गई हैं। युवा पीढ़ी विशेषकर लड़कियां इस उपलब्धि से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी।'' मुर्मू ने खिलाड़ियों के क्रिकेट सफर में आई मुश्किलों पर कहा, ''कभी-कभी तो खिलाड़ियों को नींद भी नहीं आई होगी लेकिन उन्होंने सभी चुनौतियों का सामना किया।

### भारत गोल्फ महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन जबलपुर में कल से

**जबलपुर।** गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया 8 और 9 नवंबर को एक 'भारत गोल्फ महोत्सव' का भव्य आयोजन जबलपुर में करने जा रहा है। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी श्री आर्यवीर आर्या ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य देश में गोल्फ को बढ़ावा देना, बच्चों को आउटडोर खेलों से जोड़ना और लोगों को स्वास्थ्य तथा प्रकृति के प्रति जागरूक करना है। यह दो दिवसीय महोत्सव आर्मी एरिया में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश भर के गणमान्य व्यक्ति, गोल्फ खिलाड़ी और वीर जवान शामिल होंगे।

**अभिनेता रणदीप हुड्डा भी होंगे शामिल :**
गोल्फ महोत्सव में अभिनेता रणदीप हुड्डा भी शामिल होंगे, जो वीर जवानों के साथ न केवल गोल्फ खेलेंगे बल्कि बच्चों के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देश भक्ति गीतों से समा बांधा जाएगा। कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही वीर शहीद जवानों के परिवार को सम्मानित किया जाएगा।

**कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल :**
शनिवार 8 नवंबर को सुबह 7:30 बजे फ्लैग मार्च होगा, 8 बजे कोरबा ग्राउंड में मोटापे से लड़ने के लिए दौड़ का आयोजन किया जाएगा। 9:30 बजे पौधा रोपण किया जाएगा। रविवार 9 नवंबर को भारत गोल्फ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 9 नवंबर को ही दोपहर 2 बजे कल्चर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उसी दिन प्राइस सेरेमनी और शहीद सैनिक परिवारों का सम्मान कार्यकम भी किया जाएगा।

## आईसीसी की सूची जारी, पुरुषों में दक्षिण अफ्रीका के मुथुसामी नामांकित

# वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन का तोहफा, स्मृति बनीं प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अक्टूबर महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्मृति मंधाना को नामांकित किया है। उनके साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की लौरा वोल्वार्ड्ट और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर नामित हुई हैं। दूसरी तरफ पुरुष वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के सेनुरन मुथुसामी, पाकिस्तान के नोमान अली और अफगानिस्तान के राशिद खान नामांकित हुए हैं।
मंधाना के लिए वनडे विश्व कप 2025 शानदार बीता। उन्होंने 9 मैचों की इतनी ही पारियों में 54.25 की औसत और लगभग 100 की स्ट्राइक रेट के साथ 434 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं। वह फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका के



खिलाफ 45 रन बनाकर आउट हुई थी। दिलचस्प रूप से मंधाना विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बनी थी।

**ऐसा रहा वोल्वार्ड्ट और गार्डनर का प्रदर्शन**
सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट महिला विश्व कप 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 9 मैच खेले और इसकी 9 पारियों में 71.37 की औसत और 98.78 की स्ट्राइक रेट से 571 रन बनाए। उन्होंने 460 रन अक्टूबर में हुए विश्व कप मैचों में बनाए। विश्व कप में गार्डनर ने 7 मुकाबले खेले, जिसमें 328 रन बनाने में सफल रहीं। उनके बल्ले से 2 शतक और 1 अर्धशतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 115 रन रहा।

### टेस्ट सीरीज में मुथुसामी और नोमान ने किया था कमाल

दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर मुथुसामी ने पाकिस्तान के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में बल्लेबाजी में 3 पारियों में 53.00 की औसत के साथ 106 रन बनाए थे। दूसरी तरफ गेंदबाजी में 18 की औसत के साथ 11 विकेट लिए थे। उसी सीरीज में नोमान ने 2 मैचों में 23 की औसत के साथ सर्वाधिक 14 विकेट लिए थे। उन्होंने लाहौर टेस्ट में कुल 10 विकेट (6/112 और 4/79) लिए थे।

### सीएम धामी ने स्नेह राणा को घोषित की 50 लाख की प्रोत्साहन राशि

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य उत्तराखंड की स्नेह राणा से फोन पर बातचीत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके लिए 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि घोषित की। मुख्यमंत्री ने राणा को हार्दिक बधाई देते हुए विश्वकप के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाने के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा स्नेह राणा ने मेहनत, संकल्प और प्रतिभा से उत्तराखंड का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। उनकी सफलता हमारे युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।



# लक्जरी कार की कीमत में आता है दुनिया का ये सबसे महंगा फल

**टोक्यो।** फलों की दुनिया में हर किसी का अपना फेवरेट होता है। कोई आम का दीवाना होता है, तो किसी को खरबूजे की मिठास पसंद आती है, लेकिन क्या आपने कभी ऐसा खरबूजा देखा है, जिसकी कीमत में एक लग्जरी कार आ जाए? जी हां, ये कोई मजाक नहीं, बल्कि हकीकत है। जापान का 'युबारी किंग मस्कमेलोन' दुनिया का सबसे महंगा खरबूजा माना जाता है।

### जब एक जोड़ी खरबूजे बिकी 29 लाख रुपए में!

जापान के युबारी शहर में उगने वाला यह खास खरबूजा अपनी कीमत और गुणवत्ता दोनों से लोगों को चौंका देता है। 2019 में, एक जोड़ी युबारी किंग खरबूजे की नीलामी में 5 मिलियन येन (करीब 29 लाख रुपए) की बोली लगी थी। वहीं 2021 में, इनकी एक और जोड़ी 24,800 डॉलर यानी करीब 21 लाख रुपए में बिकी, यानी एक खरबूजे की कीमत उतनी जितने में आप सीयूवी खरीद लें।



### युबारी की मिट्टी और मौसम का कमाल

ये खरबूजे होक्काइडो द्वीप के युबारी शहर में उगाए जाते हैं, जहां का ज्वालामुखीय मिट्टी और ठंडा मौसम इन फलों को परफेक्ट स्वाद देता है। यहां की मिट्टी में प्राकृतिक खनिज होते हैं, जो फल को मिठास और खुशबू दोनों देते हैं। हर खरबूजे को बहुत ध्यान से उगाया जाता है।.जैसे कोई कीमती रत्न।

### हर फल को पहनाई जाती है 'पेपर हैट'

इन खरबूजों को 100 दिन तक बड़ी देखभाल में उगाया जाता है। धूप से बचाने के लिए इन्हें कागज की टोपी पहनाई जाती है। तोड़ने से पहले हर फल का निरीक्षण होता है। उसकी सुगंध, जालीदार छिलका और आवाज से तय किया जाता है कि वह परफेक्ट है या नहीं।

### युबारी किंग इतना स्पेशल क्यों?

ये खरबूजे असल में दो प्रजातियों का हाइब्रिड मिक्स या संकर मिश्रण हैं। अर्ल का पसंदीदा और बर्पी का 'मसालेदार' कैंटालूप। इसका स्वाद बेहद मीठा, मुलायम और रसीला होता है, जो दुनिया के किसी भी और खरबूजे में नहीं मिलता। शायद यही वजह है कि जापान में ये खरबूजे लक्जरी गिफ्ट के तौर पर दिए जाते हैं, जैसे कोई कीमती ज्वेलरी।

# 'बट ब्रीदिंग' अब मजाक नहीं, जापानी वैज्ञानिकों ने विकसित की जीवनरक्षक नई तकनीक

**टोक्यो।** बट ब्रीदिंग, जिसे एंटेरल वेंटिलेशन भी कहा जाता है, एक ऐसी तकनीक है जो फेफड़ों की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। इस तकनीक में ऑक्सीजन को मलाशय के माध्यम से शरीर में पहुंचाया जाता है। यह सुनने में भले ही अजीब या मजाकिया लगे, लेकिन बट ब्रीदिंग यानी मलाशय के जरिए सांस लेना संभव है। जापान और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक ऐसा तरीका विकसित किया है जो फेफड़ों की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे एंटेरल वेंटिलेशन कहा जाता है। यह तकनीक ऑक्सीजन को मलाशय के माध्यम से शरीर में पहुंचाने पर आधारित है और आश्चर्य की बात यह है कि यह प्रक्रिया वास्तव में काम करती है! इस शोध को इसके हास्यपूर्ण, लेकिन वैज्ञानिक महत्व के कारण 2024 का आईजी नोबेल पुरस्कार भी मिला है। यह पुरस्कार उन खोजों को दिया जाता है जो पहले लोगों को हंसाती हैं और फिर उन्हें सोचने पर मजबूर करती हैं।

### ये तकनीक फेफड़ों की बीमारियों में करेगी मदद

वैज्ञानिकों का मानना है कि ईवीए तकनीक भविष्य में गंभीर फेफड़ों की विफलता, सीओपीडी या कोविड जैसे मामलों में उपयोगी साबित हो सकती है। विशेष रूप से तब जब वेंटिलेटर या ईसीएमओ (एक्स्ट्राकॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन) उपलब्ध न हों। गुरुग्राम के सीके बिड़ला अस्पताल के क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप कुमार ग्रोवर ने कहा कि अगर यह तकनीक सफल होती है तो यह उन मरीजों के लिए नई उम्मीद हो सकती है जिनके फेफड़े काम नहीं कर रहे हैं और जिन्हें पारंपरिक मशीनों से ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही। हालांकि, बट ब्रीदिंग शब्द सुनते ही हंसी आ सकती है, लेकिन इस खोज से कई लोगों की जा बचाई जा सकती है।



### लोच मछलियां करती है इस तकनीक का प्रयोग

वैज्ञानिकों को इस विचार की प्रेरणा लोच नामक मछली से मिली, जो कम ऑक्सीजन वाले पानी में जीवित रहने के लिए अपने पाचन तंत्र के माध्यम से ऑक्सीजन अवशोषित करती है। वैज्ञानिकों ने इसी प्रक्रिया को मनुष्यों पर आजमाने का फैसला किया। कुछ और जीव जैसे कछुए, समुद्री कछुए और सूअर की कुछ प्रजातियां भी जब उनके फेफड़े ठीक से काम नहीं करते, तो इसी तरह पीछे से सांस लेते हैं।

### बट ब्रीदिंग के लिए किया गया पहला मानव परीक्षण

ओसाका विश्वविद्यालय के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने हाल ही में इस तकनीक का पहला मानव परीक्षण किया। अध्ययन में 27 स्वस्थ पुरुष शामिल थे, जिन्हें एक विशेष ऑक्सीजनयुक्त तरल पदार्थ में 60 मिनट के लिए रखा गया। परिणाम काफी चौंकाने वाले थे। जानकारी के अनुसार, 20 प्रतिभागियों ने बिना किसी परेशानी के इसे सहन किया, जबकि केवल 7 प्रतिभागियों ने हल्की सूजन और बेचैनी की शिकायत की। किसी में गंभीर दुष्प्रभाव नहीं पाया गया। मुख्य शोधकर्ता डॉ. ताकानोरी ताकेबे के अनुसार, यह पहला मानव डेटा है और फिलहाल हमने केवल सुरक्षा को परखा है। अगला कदम यह जानना है कि यह तकनीक वास्तव में कितनी प्रभावी ढंग से रक्त में ऑक्सीजन पहुंचा सकती है।

# हमारी सोच से ज्यादा अजीब है ब्रह्मांड की असलियत



**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय भौतिकविदों की एक टीम ने एक नया अध्ययन किया है, जिसमें उन्होंने गणितीय सीमाएं बताई हैं। उनका दावा है कि ये सीमाएं इस संभावना को खारिज करती हैं कि हमारा ब्रह्मांड एक कंप्यूटर सिमुलेशन है। शोधकर्ताओं ने तर्क दिया है कि भौतिक वास्तविकता की पूरी जटिलता को कंप्यूटर पर दिखाना न केवल तकनीकी रूप से असंभव है, बल्कि गणितीय रूप से भी असंभव है। यह शोध जर्नल ऑफ होलोग्राफी एप्लीकेशन्स इन फिजिक्स में छपा है। इसने उस बढ़ती हुई सोच को चुनौती दी है कि हमारा ब्रह्मांड किसी बहुत बड़े कंप्यूटर का नतीजा हो सकता है।

■ क्या है सिमुलेशन थ्योरी की चुनौती?

### क्या है सिमुलेशन विचार?

यह विचार कि इंसान एक कंप्यूटर से बनाई गई दुनिया में रह रहे हैं इसे दार्शनिक निक बोस्ट्रोम ने 2003 में मशहूर किया था। यह विचार कहता है कि बहुत विकसित सभ्यताएं भविष्य में सोचने समझने वाले जीवों की नकल कर सकती हैं। हाल के सालों में एलन मस्क समेत कई मशहूर लोगों ने सार्वजनिक रूप से इस बात की संभावना जताई है।

### वैज्ञानिकों का नया तर्क

वैज्ञानिक अंदाजा लगाने के बजाय कि कंप्यूटर कितने आगे बढ़ेंगे, इस बात की जांच करते हैं कि क्या सिमुलेशन गणितीय रूप से भौतिकी के नियमों के हिसाब से सही बैठता है या नहीं। इस जांच से वे इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि कोई भी कंप्यूटर नियम पूरे ब्रह्मांड की पूरी तरह से नकल नहीं कर सकता। ऐसा इसलिए, क्योंकि सभी प्राकृतिक घटनाओं को गिनने लायक नियमों में बदला नहीं जा सकता।

### कंप्यूटर नहीं बना सकता ऐसी दुनिया

इस सोच के हिसाब से ब्रह्मांड को किसी कंप्यूटर सिमुलेशन के तौर पर नहीं, बल्कि कुछ मूलभूत नियमों पर बनी प्रणाली के तौर पर देखा जाता है। इन नियमों की सीमाएं कंप्यूटर की गणनाओं से कहीं ज्यादा है। वैज्ञानिकों ने मेटा थ्योरी ऑफ एवरीथिंग नाम का एक ढांचा बनाया है। उनका लक्ष्य इस विचार को साबित करना है कि भौतिकी के नियमों में कुछ ऐसे तत्व होते हैं जिन्हें मशीनें दोबारा नहीं बना सकतीं।

# वायरल गर्ल बनीं 'पुष्कर की मोनालिसा', नशीली आंखों और सादगी पर लट्टू हो रहे लोग

**जयपुर।** राजस्थान के अजमेर जिले के पुष्कर मेले में इस बार ऊंटों और रंगीन झूलों से ज्यादा चर्चा एक लड़की की है।..सुमन देवी की। कालबेलिया समाज की यह 18 वर्षीय सुमन देवी अपनी नशीली आंखों, पारंपरिक राजस्थानी पोशाक और शर्मीली मुस्कान से सबका दिल जीत रही है। सोशल



मीडिया यूजर्स ने प्यार से उन्हें नाम दिया है, 'पुष्कर की मोनालिसा'।
सोशल मीडिया पर छाई

### कालबेलिया समाज की चमकती पहचान

सुमन कालबेलिया समुदाय से हैं, जो अपने मशहूर लोकनृत्य के लिए जाना जाता है। रेतीले धोरों में पली-बढ़ी सुमन की मां की आंखें भी उतनी ही गहरी और नशीली हैं। सुमन का मानना है कि उनकी आंखें उनकी मां की देन है, जिसकी वजह से वह चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

# हेयर स्टाइलिश ने चाय वाले को दिया ऐसा मेकओवर कि देखने वाले रह गए दंग

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर आजकल एक वीडियो खूब चर्चा में है, जिसमें एक हेयर स्टाइलिश एक चाय वाले को ऐसा मेकओवर देता है कि देखने वाले दंग रह जाते हैं। वीडियो में स्टाइलिश मुस्कुराते हुए कहता है, 'लड़की वाले आ रहे हैं देखने...बेफिक्र रहिए, हां ही बोलेंगे।' बस, यही डायलॉग और जबरदस्त




ट्रांसफॉर्मेशन ने वीडियो को वायरल बना दिया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक आम से दिखने वाले चाय वाले को हेयर स्टाइलिश बड़ी नजाकत और क्रिएटिविटी के साथ बिल्कुल नया लुक देता है। पहले साधारण बाल, फिर कैची और ब्लो ड्रायर का कमाल और आखिर में जो चेहरा सामने आता है। मेकओवर को देख हर कोई हैरान रह जाता है। लोग कमेंट सेक्शन में लिख रहे हैं, 'भाईसाहब, अब तो लड़की वाले हां बोले बिना रह ही नहीं सकते।'




# ब्लू व्हेल खाती है एक दिन में सबसे ज्यादा खाना



**न्यूयार्क।** समुद्र की सबसे विशाल जीव मानी जाने वाली व्हेल प्रतिदिन बड़ी मात्रा में खाना खाती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, एक वयस्क व्हेल दिनभर में कई टन तक भोजन खा जाती है। इसमें मुख्य रूप से क्रिल, छोटी मछलियां और प्लवक शामिल होते हैं। समुद्र की गहराइयों में रहने वाली विशालकाय व्हेल अपनी कद-काठी और खाना खाने की आदतों के लिए जानी जाती हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि एक व्हेल एक दिन में कितना खाना खा सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि व्हेल प्रतिदिन जितना भोजन ग्रहण करती हैं, वह मात्रा किसी भी जीव से कहीं अधिक होती है। शोध के अनुसार, एक वयस्क व्हेल रोजाना 1 से 4 टन तक भोजन खा सकती है। यह मात्रा उसकी प्रजाति, आकार, उम्र और मौसम के अनुसार बदलती रहती है। व्हेल की सबसे विशाल प्रजाति ब्लू व्हेल, जिसे पृथ्वी का सबसे बड़ा जीव माना जाता है, खाने में हर दिन लगभग 3 से 4 टन क्रिल यानी छोटे झींगा जैसे जीव खाती है। एक अनुमान के मुताबिक, यह मात्रा करीब चार करोड़ क्रिल के बराबर होती है। ब्लू व्हेल का भोजन करने का तरीका भी बेहद रोचक है यह अपने विशाल मुंह को खोलकर पानी का एक बड़ा हिस्सा निगलती है और फिर बलीन प्लेटों की मदद से पानी को बाहर निकालकर केवल क्रिल को अंदर रखती है।

### 62 साल से नहीं सोया किसान, एक सेकंड के लिए भी नहीं ली झपकी!

**हनोई।** क्या आप रात को नींद ना आने पर परेशान होते हैं? अगर एक रात की नींद पूरी नहीं होती है तो अगले दिन चिड़चिड़ापन महसूस होता है। अब कल्पना कीजिए कि अगर 62 साल से नींद ही ना आए तो? वियतनाम के एक किसान थाई नगोक का दावा यही है। 81 साल के इस शख्स का कहना है कि 1962 में तेज बुखार के बाद से उन्होंने एक सेकंड भी नींद नहीं ली है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com